इंदौर
शुक्रवार
20 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 156

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in

आ गया तूफान...

तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश

दर्जनों ट्रेनें रुकीं, स्कूल बंद, लाखों लोग हटाए गए

शुक्रवार ● एजेंसी

चक्रवाती तूफान अकवान का ओडिशा तट पर टकराना शुरू हो गया। इसके बाद ओडिशा, आंध्र और पश्चिम बंगाल में तेज हवा के साथ बारिश होने लगी। ओडिशा में करीब तीन लाख लोगों को शिफ्ट कर दिया गया है। ओडिशा के 6 जिलों में तीन दिन के लिए स्कूल बंद कर दिए गए। पूर्व तट रेलवे ने 41 ट्रेनें जबकि दक्षिण पूर्व रेलवे ने 28 एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द की हैं, वहीं 29 का समय बदला है। चक्रवात का असर 10 राज्यों में रहेगा। 'अकवान' नाम ईरान ने रखा, जिसका मतलब मायावी राक्षस होता है।



उधर कश्मीर में कुछ जगहों पर पारा शून्य से नीचे चला गया जिसके कारण पानी भी जमने लगा। दिल्ली, राजस्थान में भी तूफान का असर देखा गया। यहां कई जगह कोहरा छाया रहा।



साल के निचले स्तर पर आ गए सोना-चांदी

गोल्ड 5700, सिल्वर 10200 सस्ती हुई

मुंबई ● एजेंसी

सोना चांदी का भाव आज एक झटके में नीचे आ गया। वायदा बाज़ार एमसीएक्स खुलते ही दोनों धातुओं में भारी बिकवाली दिखी। सुबह 9:16 बजे सोना 5700 टूटकर 1,21,750 प्रति 10 ग्राम पर और चांदी 10200 गिरकर 1,47,222 प्रति किलो पर कारोबार कर रही थी। 29 जनवरी को एमसीएक्स पर चांदी 3,99,893 और सोना 1,83,962 पर बंद हुआ था। तब से चांदी अपने भाव का करीब 62.5% और सोना करीब एक-तिहाई गंवा चुका है। साल की शुरुआत के मुकाबले भी दोनों अब नुकसान में हैं। कई तरह के मेटल भी काफी नीचे की ओर चले गए हैं जिससे हड़कम्प मच गया है। कमोडिटी बाजार में पैसा जमा नहीं करने को लेकर सौदे भी कैंसिल हो रहे हैं।

शीतलहर से ठिठुरा इंदौर

कटनी के करौंदी में पारा 7.2 डिग्री तक पहुंचा

शुक्रवार ● एजेंसी

पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और तटीय इलाकों में तूफान का असर इंदौर सहित पूरे मध्यप्रदेश पर पड़ा है। इंदौर में कल रात से ठंडी हवाएं शुरू हुईं जो आज सुबह तक जारी रहीं। इस शीतलहर से इंदौर ठिठुर गया। मध्यप्रदेश के अन्य शहरों में भी कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई। कहीं-कहीं कोहरा भी छाया रहा। कटनी के करौंदी में पारा 8 डिग्री से भी नीचे यानी 7.2 डिग्री तक पहुंच गया। प्रदेश के 7 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे चला गया। भोपाल में ठंड ने 9 साल का रिकार्ड तोड़ दिया। प्रदेश के कुछ इलाकों में बारिश के आसार हैं।

आज उठेंगे देव, कल से शादियां

शुक्रवार.एजेंसी। आज देवउठनी एकादशी है। आज देव उठेंगे। आज और कल तुलसी विवाह भी होगा। कल से शादियों के मुहूर्त हैं। यानी कल से शहनाई बजने लगेगी और बारातों के कारण ट्रैफिक का बैंड बजने लगेगा। करीब 25 दिन तक शादियां होंगी फिर मलमास के कारण शादियों पर एक महीने का ब्रेक लगेगा।

कांग्रेस नेताओं ने रोकी थी मोदी के खिलाफ जांच

नई दिल्ली.एजेंसी। पूर्व कानून मंत्री और कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली ने दावा किया है कि यूपीए शासन के दौरान कांग्रेस के कुछ नेताओं ने नरेंद्र मोदी के खिलाफ जांच रुकवा दी थी। उनके अनुसार, अमित शाह की गिरफ्तारी के बाद मोदी की गिरफ्तारी की स्थिति बन सकती थी। मोइली ने इसे कांग्रेस की बहुत बड़ी राजनीतिक भूल बताया, जिसका खामियाजा पार्टी आज भुगत रही है। उन्होंने यह भी साफ किया कि यह फैसला मनमोहन सिंह का नहीं बल्कि अन्य नेताओं का था।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत आया पाकिस्तानी मंत्री

नई दिल्ली.एजेंसी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार पाकिस्तान का कोई मंत्री आज भारत पहुंचा। पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण समन्वय मंत्री मुसादिक मसूद मलिक दिल्ली में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सिविलाइजेशनल डायलॉग फोरम में शामिल होंगे। वे पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

छोटा शकील ने जिस गैंगस्टर को दी थी छोटा राजन की सुपारी, उसे पुलिस ने एनकाउंटर में किया ढेर

बुलंदशहर.एजेंसी। अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील के इशारे पर तिहाड़ जेल के अंदर गैंगस्टर छोटा राजन को मारने की साजिश रचने वाले शूटर का खेल हमेशा के लिए खत्म हो गया है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में नोएडा STF और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़े एनकाउंटर में डी कंपनी से जुड़े कुख्यात गैंगस्टर नसीम दुर्रानी को ढेर कर दिया है। गैंगस्टर नसीम दुर्रानी ने दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा के दफ्तर के सामने समीर नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की थी।

7 किलो सोना पहनकर पहुंचा रामकथा में



प्रतापगढ़.एजेंसी। बिहार के भोजपुर में रहने वाले प्रेम सिंह प्रतापगढ़ के कुंडा में राजा भैया की ओर से आयोजित श्रीराम कथा में पहुंचे। करीब 7 किलो से ज्यादा सोने के गहने पहनकर आए प्रेम सिंह ने बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मुलाकात की। उनकी 24 कैरेट गोल्ड प्लेटेड बुलेट भी चर्चा का केंद्र रही। खेती-किसानी करने वाले प्रेम सिंह को देशभर में गोल्डनमैन ऑफ बिहार के नाम से जाना जाता है।

खाटू श्याम में रात में हुई जमकर आतिशबाजी, 2 जगह लगी आग

सीकर (एजेंसी)। आज देवउठनी एकादशी पर खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है।प्रशासन द्वारा जन्मोत्सव पर आतिशबाजी पर लगाई रोक के बावजूद रात 2.30 बजे तक तोरण द्वार के समीप आतिशबाजी होती रही। लोगों की भीड़ भी यहां लगी रही। आतिशबाजी के चलते 2 जगह आगजनी की घटनाएं भी हुई है। एक रेस्टोरेंट और एक दुकान के ऊपरी हिस्से में आग लगी थी।कुल मिलाकर आस्था के नाम पर कुछ युवक हुड़दंग करते रहे, पटाखो को गलत तरीके से जलाते रहे,जिसे आग लगने का कारण माना जा रहा है।

इंदौर नगर निगम ने पकड़ी 11 करोड़ की टैक्स चोरी

समाचार पेज 3 पर



कांग्रेसियों ने लिया सरकार बनवाने का संकल्प



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे लाओ के जीतू दीवान ने बताया कि जीतू पटवारी के जन्मदिन पर कल गांधी प्रतिमा पहुंचकर वहां कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में 2028 में कांग्रेस की सरकार जीतू पटवारी के नेतृत्व में बनाने का संकल्प लिया। दीवान ने कहा कि जीतू पटवारी ने प्रदेश कांग्रेस का संगठन जिंदा कर दिया है, जो पहले पूरी तरह कमजोर था, जिसे पटवारी ने मजबूत किया। जीतू दीवान, सचिन सेन, शेख समीर, रमेश घाटे, डॉ. खालीकुर्रहमान, सफदर नकवी, विपिन शर्मा, संजय अरोड़ा, सुनील यादव, विभाष शर्मा, नितिन गुरु, संजय यादव, शांति मन्नाडे, महेश श्रीवास, अविनाश शिंदे, मीत धारीवाल, ध्यानसिंह चौहान मौजूद थे।





जिला कांग्रेस के ब्लॉक स्तर पर पंचायतों में ग्राम चौपाल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के मार्गदर्शन में कल कई जगह ब्लॉक ने ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया। मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर चर्चा की गई। सांवेर के क्षिप्रा ब्लॉक, महू के अलग-अलग ग्राम पंचायतों में भी चौपाल लगाई गई। वहीं देपालपुर के गौतमपुरा ब्लॉक में मोतीसिंह पटेल ने यह बैठक पदाधिकारियों के साथ ली। राऊ विधानसभा के रालामंडल ब्लॉक में कांग्रेस संगठन महामंत्री दौलत पटेल और दिनेश मल्हार सहित अन्य मौजूद थे।

ब्लॉक में खामकर उपाध्यक्ष बने

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 8 में उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक खामकर की नियुक्ति की गई। कई कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी।







भाजपा नगर अध्यक्ष ने की अन्नकूट में शिरकत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कल कई जगह अन्नकूट, छप्पन भोग आयोजन में शिरकत की। मंगल मूर्ति रहवासी संघ द्वारा आयोजित आयोजन में वे अग्रवाल समाजजनों के बीच मौजूद रहे। मिश्रा का स्वागत सचिन अग्रवाल, उज्जवल गर्ग, आलोक गोयल, राजू सहित अन्य ने किया। वहीं शिव मोती नगर रहवासी संघ द्वारा अन्नकूट महोत्सव में भी सुमित मिश्रा ने शिरकत की। यहां भी बड़ी संख्या में अग्रवाल समाजजनों ने उनका स्वागत किया। कमलेश गोयल, बंटी गोयल, बबलू मित्तल, अशोक मित्तल, गोपाल गुप्ता, अरुण बागड़ी, राजेश बराय, चंदेश बंसल सहित अन्य मौजूद थे।

समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने की भोपाल प्रदर्शन में शिरकत



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भोपाल में समाजवादी पार्टी ने किसान मुद्दों, ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर प्रदेश समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। इंदौर से भी कई पदाधिकारी और सदस्य इस प्रदर्शन में शामिल हुए। रामस्वरूप मंत्री, राजेन्द्र यादव, जीके यादव, अमन यादव, लालू यादव, धीरज दुबे, मनोज हार्डिया, दीपक मालवीय सहित अन्य भोपाल प्रदर्शन में मौजूद रहे।



जनता दल यू में सुधीर बंका प्रदेश अध्यक्ष

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नितीश कुमार, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश के प्रभारी विद्यासागर निषाद की अनुशंसा पर जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव आफाक अहमद खान ने इंदौर के सुधीर बंका को पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

सेवादल शिविर को लेकर पटेल के यहां चर्चा



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सेवादल के शिविर को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल के नंदी परिसर बिचौली में बैठक का आयोजन किया। सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अविनाश मिश्रा, प्रदेश प्रभारी प्रतापनारायण मिश्रा, राधेश्याम पटेल, ओम सिलावट, निर्भयसिंह सोलंकी, संतोष तंवर, मुकेश पटेल, मदन परमालिया सहित अन्य मौजूद थे।

भाजपा पार्षद कराएंगे कल मिलन और अन्नकूट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वार्ड 33 के भाजपा पार्षद मनोज मिश्रा ने बताया कि विधायक रमेश मेंदोला के मार्गदर्शन में दीपावली मिलन और अन्नकूट महोत्सव का आयोजन कल शनिवार 21 नवम्बर की शाम 7 बजे से वीर हनुमान मंदिर, सीएम-2 ईश्वर नगर पुलिया के पास आयोजित किया जाएगा। बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और रहवासी मौजूद रहेंगे। गन्नू महाराज की भजन संध्या भी होगी।

सेवादल महिला विंग आयोजन में मजबूती का संकल्प





इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल महिला विंग का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में आयोजित किया गया। सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भार्गव, प्रदेश प्रभारी प्रतापनारायण मिश्र, अर्चना जायसवाल सहित अन्य अतिथि थे। सेवा देने वाली भाग्यश्री खरकड़िया, दिव्या तिवारी, मीना विनोदिया सहित 30 महिलाओं का प्रियदर्शनी सम्मान किया गया। सेवादल महिला प्रदेश अध्यक्ष संगीता कांकरिया, प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मीनाक्षी जायसवाल ने उदबोधन दिया। प्रदेशभर के सेवादल से जुडे पदाधिकारी शशि यादव, शशि हाड़ा, नसरीन अली, सुधा मित्र, मीना पटेल, कविता शर्मा, निशि चतुर्वेदी, निशा दुबे, और सदस्य मौजूद थे। संगीता लश्करी, सुधा भंडारी ने अतिथियों का स्वागत किया।









निगम के राजस्व विभाग को जांच के माध्यम से मिली बड़ी सफलता

11 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर नगर निगम के राजस्व विभाग के द्वारा बड़ी इमारत और बड़े क्षेत्र के निर्माण की जांच का जो अभियान शुरू किया गया है उसमें बड़ी सफलता मिली है। हाल ही में निगम ने 11 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी है। अब इस मामले में संबंधित जनों से टैक्स की राशि जमा करवाने की पहल की जा रही है।

नगर निगम के राजस्व विभाग के द्वारा पिछले कुछ महीनों से टैक्स चोरी पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत राजस्व विभाग की टीम के द्वारा बड़ी बिल्डिंग और बड़े क्षेत्र में किए गए विकास की जांच की जाती है। इस जांच के आधार पर संबंधित व्यक्ति के द्वारा दिए जा रहे टैक्स को रिव्यू किया जाता है। इस कड़ी में नगर निगम करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी को पकड़ने में सफल होता हुआ नजर आ रहा है। निगम के अपर आयुक्त आकाश सिंह के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से जांच और टैक्स चोरी पकड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के द्वारा हाल ही में की गई जांच में 11 करोड़ रुपए की डिमांड के नोटिस जारी किए गए हैं। निगम की टीम के द्वारा वार्ड क्रमांक 36 में निपानिया क्षेत्र में ब्रिलिएंट एस्टेट पर पिछले दिनों जांच का कार्य किया गया। यहां पर 3.23 लाख स्क्वायर फीट खुली जमीन मिली है। इस जमीन का 2007 में डायवर्सन किया गया था। इस जमीन का नगर निगम में संपत्ति कर का खाता ही खुला हुआ नहीं था। जमीन के मालिक के द्वारा जमीन का डायवर्सन तो करवा लिया गया लेकिन निगम को कोई टैक्स नहीं दिया जा रहा था। इस मामले में नगर निगम के द्वारा इस संपत्ति का संपत्ति कर का खाता खोलते हुए 2007 से ही टैक्स लगाया गया है। इस संपत्ति पर 6.91 करोड़ रुपए का टैक्स लगाते हुए नोटिस जारी किया गया है।

इसी प्रकार निगम की टीम के द्वारा गोल्डन लीव्स की भी पिछले दिनों जांच की गई। इस जांच में यह पाया गया कि इसके मालिक के द्वारा संपत्ति कर जमा करने के लिए जो संपत्ति बताई गई है उसमें यहां का मैरिज गार्डन नहीं बताया गया है। यहां पर कुल 3 लाख वर्ग फीट क्षेत्र खुले क्षेत्र के रूप में था। इस संपत्ति के मालिकों के द्वारा जो टैक्स चुकाया जा रहा था उसके क्षेत्रफल और हकीकत के क्षेत्रफल में करीब 1 लाख वर्ग फीट क्षेत्र का अंतर पाया गया है। इसके आधार पर इस मामले में अब नगर निगम के द्वारा 2.62 करोड़ रुपए की वसूली का नोटिस जारी किया गया है।

निगम के अपर आयुक्त ने बताया कि इसके साथ ही बाईपास पर स्थित होटल शेरेटन की भी निगम के द्वारा जांच की गई। इसमें 4.88 लाख स्क्वायर फीट क्षेत्र का ग्राउंड कवरेज पाया गया। इस होटल के द्वारा पूर्व से जितने क्षेत्रफल का टैक्स जमा किया जा रहा था उसमें अंतर पाया गया जिसके आधार पर 1.63 करोड़ रुपए की डिमांड निकाली गई है। पिछले दिनों होटल के द्वारा लोक अदालत के मौके पर 26.20 लाख रुपए जमा करवाए गए हैं। इस होटल के द्वारा प्रति वर्ष का टैक्स 25 लाख रुपए निगम में जमा करवाया जा रहा था, जो कि अब जांच के बाद बढ़कर 51 लाख रुपए हो गया है। इन तीन मामलों में मिली इस सफलता के बाद निगम की टीम के द्वारा नई ऊर्जा से बाकी क्षेत्रों में जाकर काम करना शुरू कर दिया गया है। निगम के अधिकारियों को उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों के अंदर कम से कम 50 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी के मामले सामने आ जाएंगे।

कांग्रेस के बड़े नेताओं को ही मिला बोलने का मौका

आधा घंटा देरी से शुरू हुई बैठक में कई नेता चाहते थे बोलना



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे ने भोपाल में 26 नवम्बर को होने वाली यात्रा को लेकर क़ल बैठक बुलाई थी, बैठक हुई जब तक यात्रा तय थी लेकिन शाम होते-होते यह यात्रा भोपाल के बजाए जबलपुर शिफ्ट कर दी गई और अब 12 दिसम्बर को एनडीए गठबंधन की बड़ी रैली ज़बलपुर में होगी। कल वोट रक्षक को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। हर बूथ पर वोट रक्षक नियुक्त करना है इसलिए ब्लॉक और मंडलम अध्यक्षों को निर्देशित भी किया गया था। मतदाता सूची पुनरीक्षण सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। आब्जर्वर आरिफ मोहम्मद खान, विजयलक्ष्मी साधौ, अजय रघुवंशी को बोलने का मौका मिला। यह बैठक दोपहर 1 बजे शुरू होना थी जो आधा घंटा देरी से दोपहर 1.30 बजे शुरू हुई, बैठक में आब्जर्वर ने उद्बोधन दिया। स्वागत भाषण चिन्टू चौकसे ने और आभार विपिन वानखेड़े ने माना। स्थानीय नेताओं को बोलने का मौका नहीं मिला, जो नेता बोलना चाहते थे वे मनमसोस कर चुप बैठे रहे। बैठक में राजेश चौकसे, संजय बाकलीवाल, अर्चना जायसवाल, शैलेष गर्ग, अरविंद बागड़ी, रफीक खान, अनवर दस्तक, सादिक खान, अमित पटेल, दौलत पटेल, देवेन्द्रसिंह यादव, इम्तियाज बेलिम, धर्मेन्द्र गेंदर सहित अन्य मौजूद थे। भोपाल के मार्च को लेकर भी टारगेट दिए गए थे। मुख्य मुद्दा यात्रा ही था, लेकिन शाम को यह यात्रा मार्च जबलपुर पहुंच गई इसलिए भोपाल की निरस्त हो गई।

वोट रक्षक बनाने को लेकर कांग्रेस कल करेगी 3 घंटे की मैराथन बैठक

6 विधानसभाओं में एक बार में दो-दो विधानसभाओं के ब्लॉक और मंडलम अध्यक्ष के साथ रहेंगे मौजूद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस ने कल दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे तक अपनी साढ़े 5 विधानसभाओं की मेराथन बैठक बुलाई है। इस बैठक को चिन्टू चौकसे संबोधित भी करेंगे और वोट रक्षक बनाने को लेकर हर विधानसभा के प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्ष और मंडलम अध्यक्षों की मौजूदगी में चर्चा करेंगे। एक बार में दो विधानसभाओं को शामिल किया जाएगा। इस तरह 3 घंटे में तीन बैठक 6 विधानसभाओं की होगी। कांग्रेस हर विधानसभा के हर वार्ड में जितने भी बूथ है उन पर बूथ रक्षक तैनात करेगी और उनके माध्यम से मतदाता पुनरीक्षण कार्य को आगे बढ़ाएगी। बैठक में ब्लॉक और वार्ड अध्यक्ष के अलावा प्रभारी प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी, पार्षद, हारे हुए उम्मीदवार और शहर कार्यकारिणी के पदाधिकारी, सदस्य जो जिस विधानसभा में रहता है वह उस विधानसभा की बैठक में मौजूद रहेगा।

इंदौर के किसी कांग्रेस नेता को नहीं मिली राष्ट्रीय स्तर पर कोई जिम्मेदारी

लगातार इंदौर में बैठक लेने वाली उषा नायडू की भी हुई छुट्टी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा कल कांग्रेस के देशभर के सचिव बदल दिए गए हैं। नए नियुक्त किए गए सचिव को अलग-अलग राज्य की जिम्मेदारी भी दी गई है। इसमें इंदौर के किसी भी कांग्रेस नेता को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव का पद और किसी राज्य की जिम्मेदारी नहीं मिल पाई है।


मध्य प्रदेश कांग्रेस में इंदौर संभाग की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त की गई प्रभारी डॉ. उषा नायडू थीं। उन्हें भी कल किए गए इस परिवर्तन में हटा दिया गया है। इंदौर के कांग्रेस नेता नायडू के व्यवहार के कारण बहुत ज्यादा परेशान थे। नायडू के द्वारा कांग्रेस को ताकतवर बनाने के बजाय नेताओं को कमजोर करने में ज्यादा रुचि ली जा रही थी। ऐसी स्थिति में जब कल रात को किए गए परिवर्तन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा नायडू को हटाने का फैसला लिया गया तो इंदौर के कांग्रेस नेता खुश हो गए।

इसके साथ ही कल देश भर के कांग्रेस के जो सचिव नियुक्त किए गए हैं और उन्हें जो अलग-अलग राज्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है उसमें इंदौर का एक भी नेता शामिल नहीं है। पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा धाकड़ और ताकतवर समझे जाने वाले इंदौर के कांग्रेस नेताओं को राष्ट्रीय टीम के द्वारा नकार दिया गया है। इन नेताओं में से किसी को भी जिम्मेदारी नहीं मिलना इस बात का संकेत है कि इन नेताओं के द्वारा गंभीरता से काम न करते हुए हवाबाजी ज्यादा की जाती है। अलबत्ता मध्य प्रदेश के नेता करनाल चौधरी, हिना कावरे, भूपेंद्र मरावी, मनोज चौहान और पोरलाल को अलग-अलग राज्य की जिम्मेदारी दी गई है। इन सभी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा सचिव पद पर नियुक्त किया गया है।

भोपाल में होने वाला कांग्रेस का मार्च जबलपुर पहुंचा

अब राजधानी में इंडिया गठबंधन की रैली में राहुल गांधी रहेंगे मौजूद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम हुआ था, जिसमें राहुल गांधी मौजूद रहे थे। यह कार्यक्रम जब इंदौर में आयोजित हो रहा था उसे भी जबलपुर में ले जाने के लिए विवेक तन्खा, दिग्विजय सिंह और कमलनाथ खेमे, अजय सिंह, यश घनघोरिया ने पूरी कोशिश की थी, उस समय उन्हें सफलता नहीं मिली थी, लेकिन अब इस खेमे को सफलता मिल गई है। 26 नवम्बर को भोपाल में विरोध का बड़ा मार्च जीतू पटवारी करवा रहे थे, जिसमें 1 लाख कांग्रेसी और अन्य को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया था। अब यह मार्च भोपाल के बजाए 26 नवम्बर को जबलपुर में होगा और मार्च का जिम्मा विवेक तन्खा, अजय सिंह, यश घनघोरिया को दिया गया है, इसमें जीतू पटवारी का भी मार्गदर्शन पूरी तरह रहेगा। अब बड़ी जिम्मेदारी भोपाल में 12 दिसम्बर को जीतू पटरवारी को निभाना होगी। भोपाल में 12 दिसम्बर को इंडिया गठबंधन की बड़ी रैली होगी, जिसमें खुद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव सहित अन्य मौजूद रहेंगे। कांग्रेस के कई बड़े नेता इसमें शामिल होंगे। कांग्रेस की मार्च जबलपुर शिफ्ट हुई तो कांग्रेसियों ने गुटबाजी का आरोप लगाया।



भाजपा नेता पारीक को पितृ शोक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा नेता राऊ विधानसभा से जुड़े मोहित पारीक जो मोटर ट्रांसपोर्ट से भी जुड़े हैं उनके पिता मूलचंद पारीक का निधन हो गया। शवयात्रा आज दोपहर 1 बजे निज निवास केसरकुंज पिपलियाराव भोलाराम उस्ताद मार्ग से निकलकर रीजनल पार्क मुक्तिधाम जाएगी।

कल की रात रही इस मौसम की सबसे ठंडी रात

न्यूनतम तापमान गिरकर 10.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

ठंड के इस मौसम में अब धीरे-धीरे ठंड दस्तक देने लगी है। कल की रात इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात रही है। इस रात में न्यूनतम तापमान गिरकर 10.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। रात के समय पर सड़क पर निकले लोगों को इस ठंड का एहसास बहुत बेहतर तरीके से हो रहा था।

ठंड के मौसम के शुरुआती दिनों में तो इस बात का एहसास ही नहीं हो पा रहा था कि ठंड का मौसम भी आ गया है। हर दिन इतनी गर्मी लग रही थी कि लोगों को बैठने और सोने के लिए पंखा कूलर चलाना पड़ रहा था। इसी बीच धीरे-धीरे मौसम ने करवट बदलनी शुरू की। अब मौसम का परिवर्तन तेज गति के साथ शुरू हो गया है। कल इंदौर का अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य तापमान से 4 डिग्री सेल्सियस कम है। इसके साथ ही इंदौर का न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस हो गया। यह भी सामान्य तापमान से चार डिग्री सेल्सियस कम है। इस मौसम में यह पहला मौका है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। अब तक इंदौर में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही चलता रहा है। इसके साथ ही 22 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा भी चल रही थी। इसके पूर्व के दिनों में इंदौर में हवा की रफ्तार 9 किलोमीटर प्रति घंटा से लेकर 15 किलोमीटर प्रति घंटा तक बनी हुई थी। इस हवा की रफ्तार के बढ़ जाने से भी ठंड का अहसास बढ़ जाता है।

मौसम का यह मिजाज अब आने वाले दिनों में भी बने रहने के आसार नजर आ रहे हैं। आज सुबह 8:30 बजे इंदौर शहर का तापमान 18 डिग्री सेल्सियस था। पिछले कुछ दिनों से यह तापमान लगातार 20 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच में रहा है। इस तरह से इस तापमान में भी गिरावट आ गई है। इसके साथ ही आज सुबह के समय पर करीब 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा भी चल रही थी। यह हवा भी ठंड का एहसास करवाने वाली थी।

स्कूल जाने वाले बच्चे हुए परेशान

जिन बच्चों के स्कूल सुबह 7 और 8 बजे से लगते हैं उन बच्चों को स्कूल जाने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इतनी तेज ठंड होने के कारण सुबह जल्दी उठना बच्चों के लिए मुश्किल हो रहा है। ऐसे में बच्चों के अभिभावकों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह जब जैसे-तैसे करके बच्चे को जगा लेते हैं तो फिर बच्चा उठने के लिए तैयार नहीं होता है। इसके बाद बच्चा स्कूल जाने के लिए तैयार होने से इनकार करता है। ऐसी स्थिति में बच्चों के अभिभावकों को खूब परेशान होना पड़ता है तब जाकर वे बच्चे को इस ठंड में तैयार कर स्कूल जाने के लिए भेज पाते हैं। जिला प्रशासन को चाहिए कि ठंड का प्रभाव बढ़ने के कारण कम से कम स्कूल के समय में परिवर्तन करने की पहल करे।

खान नाले में नहाने कूद पड़ा युवक

सैकड़ों लोग किनारे खड़े होकर नाले के पानी में तैरते युवक को देखते रहे



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

सरकारी दस्तावेज में चाहे कान्हा को नदी कहा जाता हो लेकिन हकीकत में तो यह नाला बन चुका है। इस नाले में तैराकी करने के लिए एक युवक कूद पड़ा। सैकड़ों लोग किनारे पर खड़े होकर उसे नाले के पानी में तैरते हुए देखते रहे।

यह घटनाक्रम कल दोपहर को कबूतर खाना क्षेत्र का है। वहां पर रोज की तरह से हर व्यक्ति अपने-अपने काम में लगा हुआ था। ऐसे में एक व्यक्ति नाले के किनारे के क्षेत्र में पहुंचा। इस व्यक्ति ने थोड़ी देर तक किनारे पर घूमने के बाद नाले में छलांग लगा दी। फिर यह व्यक्ति काफी देर तक इस नाले के गंदे और बदबूदार पानी में तैरता रहा। इस व्यक्ति को इस तरह से तैरता हुआ देखकर आसपास से गुजरने और रहने वाले लोग आकर खड़े हो गए और इस नजारे को देखते रहे। इस दौरान बात करने वाले यह बात कर रहे थे कि शायद इस व्यक्ति को लगा होगा कि यह गंगा की तरह कोई पवित्र नदी है इसी कारण से यह व्यक्ति तैरने के लिए इस नदी में कूद गया। नगर निगम के सारे दावों की हकीकत इस नदी में मौजूद ड्रेनेज का पानी खोल देता है। अभी इस पानी में किसी व्यक्ति का स्नान तो कल्पना से भी परे की बात होती है।

हरसिद्धि मंदिर के समीप समाधि के पास का अतिक्रमण देखकर लौटी निगम की टीम



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। हरसिद्धि माता मंदिर के समीप अहिल्या माता की सासू गौतमादेवी की समाधि छत्री का जीर्णोद्धार किया जाना है। यहां भी अतिक्रमण को लेकर निगम कार्रवाई करने जा रहा है और कल निगम की टीम ने यहां पहुंचकर गौतमादेवी की छत्री का निरीक्षण किया और वहां की अव्यवस्थाओं को भी देखा, लेकिन निगम की टीम ने जो अतिक्रमण किए गए हैं उसे देखा जरूर, लेकिन उस पर रिमूव्हल करने की जुगत नहीं की। अतिक्रमणकर्ताओं को कल कहा कि यह अतिक्रमण हटा लें। यहां के लोगों का कहना है कि निगम की टीम ने अघोषित छूट कल अतिक्रमणकर्ताओं को दी।

राठौर समाज ने सामूहिक विवाह के पहले निकाला चल समारोह



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री पद्मवंशीय मारवाड़ी राठौर पंचायत गोपाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा सामूहिक विवाह आयोजन के पहले चल समारोह निकाला। कल महिला संगीत और अन्य आयोजन भी हुए थे। टीकमचंद राठौर, कैलाश सुजेड़िया, अशोक गुलानिया, शंकरलाल नैनावा, मोहनलाल गरोठिया, कन्हैयालाल पंचोली, राजू राठौर, अशोक सिलोंडिया, राम आसरमा, रतनलाल मेहरानियां, मुरलीधर मोठिया, जयेश पंचोली, योगेश गरोठिया, नंदकिशोर पंचोली मौजूद थे।

शराब तस्करी के खिलाफ आप का हल्ला बोल, प्रशासन को ज्ञापन सौपकर जांच की मांग

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्य प्रदेश से गुजरात तक फैले कथित अवैध शराब तस्करी नेटवर्क के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर वहां नारेबाजी करते हुए अधिकारी को ज्ञापन सौपा और पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग भी की। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री अनुराग यादव ने कहा कि म.प्र. से गुजरात तक होने वाली सप्लाय चैन की जांच हो, शराब ठेकों में हिस्सेदारी और आर्थिक लेन-देन की जांच हो, आबकारी विभाग के अधिकारियों और कथित राजनीतिक संरक्षणदाताओं की भूमिका उजागर हो, टीआई दिलीप पुरी की मौत के पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच हो और उनके परिवार को न्याय मिले और दोषी पाए जाने वाले सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट कहा कि इस मामले में बीजेपी हो या कांग्रेस, किसी भी दल से जुड़े व्यक्ति को संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। पूरे नेटवर्क की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई जनता के सामने लाई जानी चाहिए।

मैराथन-वॉकाथॉन आयोजन, विजेताओं को हजारों के पुरस्कार



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत आम नागरिकों में विधिक जागरूकता बढ़ाने तथा सभी के लिए न्याय तक समान पहुंच का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज मैराथन/वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। 'रन फॉर जस्टिस ईच स्टेप टुवर्ड्स लीगल अवेयरनेस' अर्थात 'न्याय के लिए दौड़ें थीम पर आज यह मैराथान जिला न्यायालय परिसर से आयोजित की गई। पंजीयन मेराथान के पूर्व किए गए। 500 टी-शर्ट का वितरण भी किया गया। विजेताओं को तीन श्रेणी में नगद पुरस्कार दिए गए।

खजराना को कनाडिया से जोड़ने वाली सड़क के निर्माण का रास्ता साफ

राज्य सरकार ने दी सड़क निर्माण को मंजूरी, 13 करोड़ रुपए भी मिलेंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

खजराना के गणेश मंदिर और अन्य क्षेत्र में जाने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए कनाडिया से खजराना तक सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। राज्य सरकार ने इस सड़क के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही सरकार के द्वारा इस सड़क के निर्माण के लिए 13 करोड़ रुपए भी दिए जाएंगे।

इंदौर नगर निगम की महापौर परिषद के सदस्य राजेश उदावत ने बताया कि खजराना क्षेत्र में जाने वाले नागरिकों के लिए एक वैकल्पिक मार्ग की आवश्यकता पिछले काफी समय से महसूस की जा रही थी। इस आवश्यकता के बीच में कनाडिया से खजराना को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण की कोशिश की गई थी। इस सड़क के निर्माण की लागत 13 करोड़ रुपए होने के कारण नगर निगम इस सड़क के निर्माण का काम हाथ में लेने से हिचक रहा था। ऐसी स्थिति में जनता की सुविधा के लिए इस सड़क का निर्माण जरूरी हो गया था। राज्य सरकार के द्वारा इस सड़क के निर्माण के प्रस्ताव को कल अपनी मंजूरी दे दी गई है। सरकार की ओर से दी गई मंजूरी में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि इस सड़क के निर्माण पर खर्च होने वाली 13 करोड़ रुपए की राशि राज्य सरकार के द्वारा दी जाएगी। सरकार की ओर से राशि मिलने पर इस काम को करने में नगर निगम को कहीं कोई दिक्कत नहीं रहेगी। अब सरकार की मंजूरी आने के बाद इस सड़क के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। अब नगर निगम पूर्व से ही बनाई हुई इस सड़क के निर्माण की योजना के क्रियान्वयन की राह पर आगे बढ़ेगा। इस सड़क के बन जाने से न केवल खजराना गणेश मंदिर बल्कि खजराना क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को भी आना-जाना करने में सुविधा मिल सकेगी। अभी तो खजराना चौराहा से एक ही रास्ता है। इस रास्ते से जाने और आने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां पर सिंगल सड़क होने के कारण यातायात का दबाव लगातार बना रहता है। ऐसे में जाम की स्थिति भी बनी रहती है। इसके परिणामस्वरूप नागरिकों को अपना वाहन लेकर निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

व्यापारियों पर लगाया किसानों के शेड पर कब्जा का आरोप

किसान और मजदूर सेना ने दी आन्दोलन की चेतावनी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के प्रदेश अध्यक्ष बबलू जाधव, शैलेंद्र पटेल, सतीश मकवाना ने महू कृषि उपज मंडी समिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। किसानों की सुविधा के लिए बनाए गए शेडों पर व्यापारियों का कब्जा है, जहां कई दिनों से फसल खरीदकर स्टॉक की जा रही है। वहीं आदर्श मंडी का दर्जा रखने वाली महू मंडी में सामुदायिक शौचालय किसानों की पहुंच से बेहद दूर बना दिया गया है और वहां इतनी गंदगी है कि खड़ा होना भी मुश्किल है। बबलू जाधव ने कहा कि अगर व्यापारियों के कब्जे किसानों के शेड से नहीं हटे, मंडी में गंदगी ठीक नहीं हुई, व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो भारतीय किसान मोर्चा और मजदूर सेना उग्र आन्दोलन करेगी। अवैध अतिक्रमण भी हटाने की मांग की गई है, मंडी अधिकारी और पदाधिकारियों पर भी सवाल बबलू जाधव ने उठाए।

90 हजार से अधिक का मीट अपशिष्ट शुल्क वसूला

5 मीट दुकानों को सील किया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



निगम मीट अपशिष्ट प्रबंधन की टीम के अधिकारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि निगम मीट अपशिष्ट प्रबंधन टीम के माध्यम से शहर के विभिन्न स्थानों पर मीट, मछली दुकानों में सफाई व्यवस्था के क्रम में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शांतिपथ मटन मार्केट, कड़ावघाट, हवा बंगला, विदुर नगर स्थित मीट शॉप में सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएँ ठीक नहीं मिलने पर 5 दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही विभाग द्वारा मीट प्रभारी राजेश पथरोड के निर्देशन में शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थित मीट दुकानों पर सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिलने पर शांतिपथ मटन मार्केट दुकानों पर 1500 की चालानी कार्रवाई की गई। इसके साथ ही विभाग द्वारा मीट दुकानों के निरीक्षण के दौरान बकाया मीट अपशिष्ट शुल्क होने पर 90 हजार से अधिक की वसूली की गई।

चालक-परिचालक की दिल्ली हूंकार में इंदौरी भगवा ऑटो रिक्शा संघ शामिल



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्रकुमार त्रिपाठी ने बताया कि देशभर के निजी परिवहन क्षेत्र से जुड़े चालक-परिचालकों की वर्षों से लंबित समस्याओं, शोषण, सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं को लेकर कल दिल्ली में भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के आह्वान पर विशाल महाआंदोलन आयोजित किया गया। इस आंदोलन में इंदौर के भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ ने भी अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज कराते हुए सैकड़ों चालक साथियों के साथ दिल्ली पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद की और मुद्दों पर इस आन्दोलन में हूंकार भी भरी। बड़ी संख्या में चालक संघ के साथी शामिल हुए। चालक-परिचालक कल्याण बोर्ड के गठन से लेकर बाइक टैक्सी के नियमन तक आवाज उठाई।

इस अवसर पर वीरेन्द्रकुमार त्रिपाठी, दिनेश राव क्षीरसागर, विकास टिकल्या, महिमाराम सावले, दयानंद गीते, राजेंद्र फुलवारे, रामू पटेल, भगवन सिंह, निखिल कुशवाह सहित अन्य मौजूद थे। अभी भी रिक्शा चालक संघ ने आगे मांगे पूरी नहीं होने पर चेतावनी दी है।

पार्षद निधि की लंबित नस्तियों के निराकरण के लिए बैठक सीवरेज विकास एवं संधारण कार्यों से संबंधित समीक्षा



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू ने जल कार्य से सम्बंधित मुद्दों पर चर्चा ज़ोनल अधिकारी, कार्यपालन, यंत्री एवं उपयंत्रियों से वन टू वन की। पार्षद निधि की लंबित नस्तियों के निराकरण हेतु समीक्षा बैठक में सभी 22 झोन से सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी ली गई। उपयंत्री को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।



मधुमक्खियों ने किया 50 पर हमला...20 मेडिकल छात्र घायल

अरबिन्दो यूनिवर्सिटी में एनुअल फेस्ट के दौरान हुई घटना

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अरबिंदो यूनिवर्सिटी में कल एनुअल फेस्ट हार्मोनी कार्यक्रम दोपहर में चल रहा था। इस कार्यक्रम में मधुमक्खियों ने अचानक हमला बोल दिया, जिससे छात्र इधर से उधर बचने के लिए छीपने भी लगे और छात्राओं ने तो अपनी चुन्नी और अन्य कपड़ों से बचने की कोशिश भी की। बताया जा रहा है कि 50 से अधिक छात्रों को मधुमक्खियों ने काटा, जिसमें से 20 छात्र ज्यादा मधुमक्खियों के शिकार हुए, कुछ को इलाज के लिए अस्पताल भी भेजा गया। बताया गया कि कार्यक्रम में पटाखा फोड़ा गया था, जिसकी चिंगारी मधुमक्खी के छत्ते तक पहुंच गई थी। इस आयोजन में 250 छात्र शामिल थे। यह सभी छात्र मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। घटना के बाद कॉलेज प्रबंधन ने सफाई भी दी कि कुछ ही विद्यार्थियों को मधुमक्खियों द्वारा डंक मारे गए हैं और सभी विद्यार्थी स्वस्थ है।





उठावना



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि श्री शांतिलाल जी बमनोत, स्व.श्री जीवन प्रकाश, श्री कमल किशोर, श्री मोहनलाल शर्मा के अनुज एवं दिनेश के बड़े भ्राता एवं अनिल शर्मा (दैनिक भास्कर जयपुर), सुनील शर्मा (प्रेस फोटोग्राफर जयपुर), शैलेंद्र, विजय शर्मा (जनसंपर्क फोटोग्राफर भोपाल), स्व. नवीन, हरीश, संजय शर्मा (प्रेस फोटोग्राफर सिटी ब्लास्ट) के काकाजी, सुमित के बड़े पिताजी व श्री कपिल राठौरजी (भास्कर पत्रकार) के ससुरजी , जितेंद्र शर्मा के पिताजी

श्री महेशजी शर्मा

का स्वर्गवास दिनांक 18/11/2026 बुधवार को हो गया है, जिनकी शोक बैठक (उठावना)

दिनांक : 20/11/2026 शुक्रवार शाम 4 बजे

स्थान : श्री बनवारीलाल जाजू सभागृह

51, छत्रीबाग श्री माहेश्वरी विद्यालय परिसर इंदौर पर रखी गई है

शोकाकुल- शांतिलाल बमनोत, कमल किशोर, मोहनलाल, दिनेश शर्मा एवं समस्त शर्मा परिवार

संपर्क- विजय शर्मा 9425056004

संजय शर्मा 9981909220, जितेंद्र शर्मा 9009041568



ललित कला प्रतियोगिताओं का आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, कलात्मक अभिव्यक्ति एवं कल्पनाशीलता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ललित कला प्रतियोगिताओं का आयोजन जीव रसायन विभाग द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत रंगोली, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, पोस्टर निर्माण एवं कोलाज प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। निर्णायक अंशू जैन, डॉ. नमिता बेंडेने थे। अनामिका जैन, डॉ. नागेश डगांवकर, डॉ. तोसिफ अब्बासी ने भी अपनी भूमिका निभाई।



जैन मुनि ने बारह व्रत एवं चौदह नियमों का महत्व बताया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

बिजासन रोड स्थित केसरी वाटिका में तप उच्चारण महोत्सव एवं धर्मसभा आयोजन में मुनिराज डॉ. सिद्धरत्न विजयजी म.सा. ने धर्मसभा सम्बोधित की। बारह व्रत एवं चौदह नियमों का महत्व समझाते हुए जल, भोजन, आवागमन और वस्त्रों के उपयोग में मर्यादा रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बड़े त्याग की शुरुआत छोटे संकल्पों से होती है। राजेश जैन युवा ने बताया कि म.प्र. श्रीसंघ ने गच्छाधिपति विजय नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. के प्रति विशेष कृतज्ञता व्यक्त की गई।

गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व पर निकली प्रभातफेरी का स्वागत





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गुरुनानक देवजी का प्रकाश पर्व समीप आ रहा है और सिख समाजजन बाहुल्य क्षेत्र में लगातार कीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकाल रहे हैं। गुरुद्वारा दशमेश दर्शन बैराठी कॉलोनी की प्रभातफेरी का आज सुबह शेर-ए-खालसा युवा संगठन और कांग्रेस से जुड़े सन्नी राजपाल और उनकी धर्मपत्नी लवली कौर राजपाल ने प्रभातफेरी में मौजूद सिख सममाजजनों का पुष्प वर्षा और दीप जलाकर स्वागत किया, आतिशबाजी भी की गई। निशान साहेब पर फूलों की माला चढ़ाकर व माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इस दौरान गुरुद्वारा के प्रधान मनजीत सिंह राजपाल, हन्नी राजपाल, मोनू बग्गा, मोनिका राजपाल आदि सहित सिख समाजजन मौजूद थे।

सरयूपारिण ब्राह्मण समाज का पारिवारिक मिलन होगा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सरयूपारिण ब्राह्मण समाज सेवा संस्था भारत द्वारा 22 नवंबर को श्री परशुराम वाटिका, मरीमाता चौराहा पर पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन होगा। आयोजन में 25 परिवारों का सम्मान भी किया जाएगा। अनूप शुक्ला, निर्मल दुबे, पंकज पाण्डे, सम्पदा मिश्रा, इन्दु पाण्डे, अवधनारायण शुक्ला, नितिन मिश्रा, अजय त्रिपाठी ने बताया कि 1965 से समाज की सेवा देने वाले दिवंगत वरिष्ठों के परिवारों का सम्मान होगा। समाजहित में कई संकल्प भी मातृशक्तियों के साथ लिए जाएंगे। समाज में महिलाओं की भागीदारी को भी बढ़ाया जाएगा। मेला लगाया जाना है उसकी जानकारी भी दी जाएगी।



जिनालय के द्वार का पूजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सीमंधर स्वामी जिनालय के द्वार का शुभारंभ पूजन संतों के सानिध्य में किया गया। सुधीर सेठिया, नरेन्द्र भटेवरा ने बताया कि आयोजन के लिए मुंबई से भी समाजजन आए थे, जो मौजूद रहे।

कॉलेज में विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

होलकर विज्ञान महाविद्यालय के अलग-अलग विभागों में अवंतिका यूनिवर्सिटी के फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इन विद्यार्थियों को सीड प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी विषय पर व्याख्यान के माध्यम से जानकारी भी दी गई। सीड प्रोडक्शन यूनिट का भ्रमण कराया। इसके पश्चात विद्यार्थियों को कॉलेज के मत्स्य विभाग में प्रो. जतिन ने विभिन्न प्रकार की मछलियों की रोचक जानकारी से अवगत कराया,



उद्यानिकी के उद्देश्य बताए, संकटग्रस्त पौधों की नर्सरी एवं सैड नेट हाउस का भ्रमण कराया। डॉ. अनामिका जैन, डॉ. प्रीति चतुर्वेदी, प्रो. अनुष्का शुक्ला, प्रो. अशोक जाट, डॉ. संजय व्यास, प्रो. धर्मेंद्र जाट, साेनालाी पारमार, ऋतिक बागरी, नेहाश्रवरी तिवारी, कविता भामर, दीपा मकोड़े, सचिन गल्फट, शिवांगी गौतम ने अपनी भूमिका निभाई।

'वैष्णव प्रतिभा' पुरस्कार प्रियांशी सोनी ने जीता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



श्री क्लॉथ मार्केट वैष्णव बाल मंदिर गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा 12वीं की मेधावी छात्राओं के लिए वैष्णव प्रतिभा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 23 छात्राओं ने सहभागिता की। मेधावी छात्रों की प्रतिभा को निखारने का अवसर इस आयोजन में दिखा। कई राउंड आयोजन में किए गए। इन्ट्रोडक्शन, टेलेन्ट, सिचुएशन, ऑडियो-विजुअल, तर्क और योग्यता पर आधारित प्रश्न, निर्णायकगण एवं प्रतिभागियों के प्रश्नोत्तर पर आधारित राउंड हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां भी हुई। वैष्णव प्रतिभा का खिताब प्रियांशी सोनी ने जीता। सुहाना राव, रिद्धिमा लखोटिया ने भी सफलता प्राप्त की। आकृति शास्त्री, दीप्ति तेलंग अतिथि थे। निर्देशिका आभा जोहरी, प्राचार्य अंशु माहेश्वरी ने अपनी भूमिका निभाई।

गीतों की प्रस्तुति के साथ शायरी भी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजेश म्यूजिक एकेडमी के तत्वावधान में जाल सभागृह में लफ्ज़ो से नगमों तक, शायरी, सुर और एहसासों की एक शाम का आयोजन किया गया। गीत-संगीत के साथ शायरी की प्रस्तुति भी हुई। गुरदीपसिंह दीप का सम्मान किया गया। राजेश चतुर्वेदी, मनीष शुक्ला, मीता श्रोत्रिय, शोभा करनानी, निशा चौहान, डॉ. अनुराधा जैन, डॉ. हेमलता मंत्री, राकेशसिंह ठाकुर ने अपनी भूमिका निभाई।



गोवर्धननाथ मंदिर से निकले बाने में दिखी मालवी संस्कृति की झलक

बग्घी पर सवार होकर दिया जल संरक्षण का संदेश

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नीमा समाज से जुड़े प्रखर और शुभी नीमा के विवाह के आयोजन में वैष्णव सम्प्रदाय के गोवर्धननाथ मंदिर से बाना निकाला गया। यह बाना नीमा समाजजनों और निकट के रिश्तेदारों की मौजूदगी में निकला। बाना में मालवी नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। यह बाना मंदिर से नीमा धर्मशाला पहुंचा, जिसने व्यापारिक क्षेत्र में भी भ्रमण किया। नीलेश नीमा, अतुल नीमा, नाना नागर, सुधीर नीमा, शैलेष नीमा ने बताया कि बाना में पारम्परिक वेशभूषा में मालवी नृत्य की प्रस्तुति दी गई और वधु शुभी नीमा ने बैनर पर जल संरक्षण का संदेश समाजजनों को दिया, जिसकी सराहना भी हुई।

पुरोहित का निधन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। समाजसेवी ओमप्रकाश पुरोहित की धर्मपत्नी एवं म.प्र. अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन राज्य इकाई भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू की भाभी श्रीमती प्रीति पुरोहित का निधन हो गया। कई समाजजनों ने निधन पर शोक जताया और श्रद्धांजलि भी दी।

अग्रसेन माधवी ग्रुप का मिलन और शपथ

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अग्रसेन माधवी सोशल ग्रुप का दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव स्नेह नगर स्थित अग्रसेन भवन पर आयोजित किया गया। टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल, राजेश गर्ग केटी, शैलेष गर्ग, गोविन्द सिंघल, प्रयोग गर्ग सहित अन्य अतिथि थे। जनप्रतिनिधि भी पहुंचे थे। मिलन के साथ पानी की बचत, जूठन नहीं छोडने का संकल्प लिया गया। भगवान श्रीनाथजी को छप्पन भोग लगाकर महाआरती भी की गई।



प्रकाश राठी के निवास पर भजन संध्या एवं छप्पन भोग

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। द्वारकाधीश कॉलोनी में प्रकाश राठी के निवास पर दीपावली मिलन अवसर पर भजन संध्या एवं भगवान को छप्पन भोग का आयोजन किया। आने वालों ने श्रृंगार, भोग दर्शन किए और आरती में भी शिरकत की। इस आयोजन पर इंदौर रियल एस्टेट ब्रोकर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने प्रकाश राठी का सम्मान किया। नरेन्द्र जैन भटेवरा, पीयूष वाजपेई, सत्यनारायण प्रजापति, मनीष शाह, अरविन्द गुप्ता, वीरेन्द्र गुप्ता, अनिल शर्मा, सचिन जैन, अजय व्यास, अजय सोनी, दीपक नागर, अशोक रूपावत मौजूद थे। कार्यक्रम में कई राजनेताओं के अलावा माहेश्वरी समाज व रहवासी भी मौजूद थे। सभी ने धार्मिक आयोजन में शिरकत कर प्रसादी भी ली।



आज है देव के उठने का दिन

छोटी दीपावली पर शाम को तुलसा विवाह के आयोजन होंगे, मांगलिक कार्य की भी शुरुआत, रोशनी होगी, पटाखे फूटेंगे, समई भी लगेगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आज देवउठनी ग्यारस पर चार माह बाद भगवान श्रीहरि विष्णु के उठने का दिन है और आज से शुभ और मांगलिक कार्य की शुरूआत होगी। आज कुछ जगह विवाह के आयोजन भी हो रहे है। वहीं आज शाम तुलसाजी-भगवान शालिग्राम विवाह का आयोजन भी हिन्दू समाज के घरों में शाम से लेकर रात तक आयोजित किए जाएंगे।

आज छोटी दीपावली के रूप में उत्सव मनाया जाएगा, आज घरों में रोशनी होगी, पटाखे भी छोडे जाएंगे, कई दुकानों पर आज समई भी लगाई जाएगी। आज छोटी दिवाली से विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो रही है। आज मंदिरों में भी देवउठनी ग्यारस पर आयोजन हो रहे है। मंदिरों एवं घरों में भी तुलसाजी-शालिग्राम विवाह के आयोजन शाम को होंगे। मंदिरों में बैण्ड-बाजे ढोल नगाडों के साथ मंत्रोच्चार के बीच भगवान को शयन से जगाया गया। यह क्रम सुबह से शुरू हुआ जो शाम तक जारी रहेगा, मंदिरों में भी आतिशबाजी होगी, रोशनी भी की गई है। श्री गेन्देश्वर द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर (शिवधाम) परदेशीपुरा पर भी आज आयोजन हो रहे है। आज मंदिर बिजासन रोड पर शाम को तुलसाजी भगवान शालिग्राम का विवाह आयोजन होगा। बारात चल समारोह का आयोजन भी होगा। देवउठनी ग्यारस में लगने वाले गन्ने सहित पूजन सामग्री की दुकान जगह-जगह लगी हुई है। दो-दो तिथियों के त्योहार होने से भी श्रद्धालु और आम लोग भ्रमित है, आज बड़ी तादाद में सुबह से देव उठनी ग्यारस के आयोजन हो रहे है।



देव दिवाली पर तांडव आरती भी होगी। ढोल-ढमाके भी बजाए जाएंगे, विवाह उत्सव भी होगा और आतिशबाजी भी की जाएगी। वहीं विद्याधाम

मेमन समाज की राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस



शिक्षा, समाज सुधार और महिला सशक्तिकरण पर हुआ मंथन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन द्वारा होटल में मेमन फेडरेशन एम पी रीजन की स्टेट कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई। कार्यक्रम ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के वाइस प्रेसीडेंट एवं मध्य प्रदेश इंचार्ज हाजी याकूब गाज़ी की मौजूदगी में कांफ्रेंस की गई। इमरान फ्रूटवाला का इन्दौर आगमन पर याकूब मेमन पटेल, मो. यूसूफ मेमन ने स्वागत किया। अन्य प्रदेशों से भी मेमन जमात से जुडे मुस्लिम समाजजन ने शिरकत की। कॉन्फ्रेंस में समाज के उत्थान, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, सामाजिक सुधार एवं कमजोर वर्गों के सहयोग के लिए किए जा रहे कार्यों और भावी योजनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। विभिन्न प्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों में किए जा रहे सामाजिक कार्यों एवं उपलब्धियों से राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया। सैयद नाजिम अली, याकूब गाजी, फराज अंजुम खटानी, असलम रंगूनवाला, असलम पालवाला, नईम पालवाला, आज़म आमदानी, शकील चरा, मुस्तकीम रंगूनवाला, नईम चरा, डॉक्टर फारूक नूरसुमार, नसरीन पालवाला, यूसुफ नूरसुमार, फरहान इब्राहिम सुपेडिवाला, अरशद पालवाला, एहमद पालवाला, आकिब ग़ाज़ी, वासीम पारेख ऑल इंदौर मेमन जमात से सदर फैसल इब्राहिम सुपेडिवाला, अब्दुल अज़ीज़ (आला भाई) नूरसुमार खंडवा से सलीम पटेल, बैतूल से यूसुफ पटेल, हनीफ पटेल, सलमान पटेल, तौसीफ आकबानी, अन्सार पटेल सहित अन्य मौजूद थे।



लायंस क्लब यूनिक का चार्टर नाईट उत्सव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लायंस क्लब ऑफ इंदौर यूनिक का चार्टर नाईट उत्सव और डिस्ट्रीक गवर्नर की सद्भावना यात्रा हुई। डिस्ट्रीक गवर्नर लायन जेपी त्रिपाठी का स्वागत कर वर्ष भर की गतिविधियां विनिता हेडा, श्वेता जोशी ने बताई। मोहनलाल अग्रवाल, पवन पारीक, संतोष गोयल, सीपी हेडा, विनोद जोशी, राधेश्याम काबरा, वीरेन्द्र गुप्ता, संजय डिंगडांग, अरुण खारिया, वासुदेव मालू, हरीश उप्पल, संतोष सोनी, आत्माराम अग्रवाल, कुंदन सोनी, शंकरलाल शर्मा, सुभाष जैन, द्वारका गुप्ता, संगीता उप्पल, पदमा काबरा,कनक राजपूत, संतोष शर्मा, उषा एरन, अनुराधा सोनी, मंजू पारीक, अर्चना जैन, अशोक अग्रवाल, शेषनारायण दीक्षित, ललित लड्ढा, महेश पाटीदार मौजूद थे।

सालासर बालाजी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा क़ा बप्पा को निमंत्रण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री सालासर बालाजी मंदिर में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का प्रथम निमंत्रण श्री खजराना गणेश भगवान को अर्पण किया गया। नानूराम कुमावत, सुभाष गोयल, राधेश्याम शर्मा, निर्मल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, डॉ. संध्या चौकसे, भंवरलाल कुमावत, शैलेन्द्र महाजन,सुमित मंत्री, सुशील बेरीवाल, अमित जोशी, अक्षय मंत्री, गिरिराज पाटीदार, मनीष कालरा, प्रशांत खण्डेलवाल, अमित दवे, हीरालाल कुमावत,पन्नालाल कुमावत, गोविंद सिरसवा, रोहित डाभी, राजेश दुबे, बंसीलाल पुरोहित, युवराज पाटीदार, हिमांशु सहित गणमान्यजन उपस्थित थे।



खाटू श्याम बाबा की ज्योत प्रज्वलित की

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

अग्रवाल समाज महासंघ विजयनगर का दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव रिसोर्ट पर आयोजित किया गया। खाटू बाबा की ज्योत जलाई गई। माननीय न्यायाधीश नीरज अग्रवाल, माननीय प्रिंसी अग्रवाल और सेवानिवृत्त श्रीकृष्ण गोपाल सुरेखा अतिथि थे। आयोजन से किशोर गोयल, नीतेश बंसल, शैलेन्द्र अग्रवाल, नीरज गोयल जुडे हुए थे। कार्यक्रम में कई राजनेताओं की मौजूदगी भी रही। समाज के राजेश बंसल, शीतल तोडीवाला, अरविन्द वेल्यूअर, संजय अग्रवाल सहित बडी संख्या में अग्रवाल समाजजन मौजूद थे।



संगीत आयोजक एवं एंकर्स सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संगीत आयोजक एवं एंकर्स सम्मान समारोह विस्तारा फार्म हाउस, कैट रोड पर हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा 150 से अधिक संगीत आयोजकों और एंकर्स का सम्मान किया गया। विस्तारा म्यूजकि ग्रुप द्वारा गीतों की प्रस्तुति दी गई।



वक्फ मस्जिद फातिमा की नई कमेटी का गठन

मोहम्मद जाकिर अध्यक्ष समीर बेग बने सचिव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा वक्फ मस्जिद फातिमा, प्रिंस यशवंत रोड, स्ट्रीट नंबर 1 की नई प्रबंध कमेटी के गठन में वक्फ बोर्ड ने आदेश जारी कर नई कमेटी को मान्यता प्रदान की है। अध्यक्ष मोहम्मद जाकिर, सचिव समीर बेग, उपाध्यक्ष मोहम्मद वसीम, कोषाध्यक्ष मोहम्मद रफीक बनाए गए। पदाधिकारियों ने कहा कि नई टीम मस्जिद में विकास कार्य, रखरखाव और नमाज के लिए आने वाले समाजजनों का ध्यान रखेगी। सभी सदस्यों को विश्वास में लेकर काम किया जाएगा। पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी रखी जाएगी।





25 करोड़ के प्रस्ताव के बीच जैन दिवाकर विद्या निकेतन का भविष्य सवालों के घेरे में

क्या समाज के सहयोग से संचालित शिक्षण संस्थान की बागडोर उद्योगपति और गैर-जैन साझेदारी के हवाले करने की तैयारी थी? इस्तीफों से लेकर नए प्रबंधन के प्रस्ताव तक उठ रहे हैं कई सवाल

इंदौर (अक्षय जैन)। जैन दिवाकर विद्य निकेतन को लेकर उठे विवाद ने अब स्थानकवासी जैन समाज में गंभीर बहस का रूप ले लिया है। यह विवाद केवल एक बेशकीमती जमीन या शिक्षण संस्थान के प्रबंधन का नहीं, बल्कि उस सामाजिक भावना, गुरु प्रेरणा और दानदाताओं के विश्वास का भी है, जिसके आधार पर इस संस्थान की नींव रखी गई थी।

समाजजनों के बीच चर्चा है कि पूज्य केवल मुनि महाराज की प्रेरणा से जैन दिवाकर विद्या निकेतन की स्थापना का उद्देश्य समाज हित और शिक्षा सेवा था। इस भूमि का मूल आवंटन जैन सेवा संस्थान (जैन माध्यमिक शिक्षण संस्थान) को शैक्षणिक गतिविधियों के लिए हुआ था। बाद में पूज्य केवल मुनि महाराज की प्रेरणा से इसे जैन दिवाकर विद्या निकेतन ट्रस्ट को सौंपा गया। उस दौर में गुरु भक्तों, श्रावकों और समाज की विभिन्न संस्थाओं ने उदारतापूर्वक सहयोग देकर इस परियोजना को आकार दिया।

लेकिन अब संस्थान के भविष्य को लेकर सामने आ रही चर्चाओं ने कई पुराने सवाल फिर खड़े कर दिए हैं। समाज के कुछ लोगों का आरोप है कि वर्तमान नेतृत्व संस्थान के मूल सामाजिक उद्देश्य की बजाय व्यावसायिक प्रबंधन की संभावनाओं को प्राथमिकता दे रहा है। चर्चा है कि एक उद्योगपति दानदाता की ओर से 25 करोड़ रुपये निवेश करने के प्रस्ताव के साथ प्रबंधन में अपनी भूमिका और चार ट्रस्टियों को नामित करने की शर्त सामने आई। साथ ही किसी अन्य शैक्षणिक संस्था, जिसके गैर-जैन प्रबंधन से जुड़ने की बात कही जा रही है, के साथ साझेदारी की योजना पर भी विचार हुआ।

इस प्रस्ताव के समानांतर संस्थान से जुड़े एक वरिष्ठ व्यक्ति ने समाज के भीतर से ही आर्थिक सहयोग जुटाने का विकल्प रखा। उनके सुझाव के



अनुसार, समाज में दानदाताओं की कोई कमी नहीं है। यदि 21 समाजसेवी और दानदाता सवा-सवा करोड़ रुपये का सहयोग दें तो 26.25 करोड़ रुपये की राशि एकत्र हो सकती है। ऐसे दानदाताओं को ट्रस्ट के बोर्ड में प्रतिनिधित्व देकर स्कूल का संचालन समाज की अपनी प्रबंधन समिति के माध्यम से किया जा सकता है। इस विकल्प को समाज की भागीदारी और संस्थान की मूल पहचान सुरक्षित रखने की दिशा में महत्वपूर्ण सुझाव माना जा रहा है।

इसी बीच सबसे गंभीर सवाल सभी ट्रस्टियों के इस्तीफों को लेकर उठ रहे हैं। समाजजनों के अनुसार, ट्रस्टियों से सादे कागजों पर इस्तीफे लिए जाने की प्रक्रिया अपनाई गई। आखिर ऐसी क्या परिस्थिति बनी कि सभी ट्रस्टियों के इस्तीफे एक साथ लेने की जरूरत महसूस हुई? क्या यह किसी नए प्रबंधन ढांचे की तैयारी थी या इसके पीछे कोई अन्य संस्थागत योजना थी? इन सवालों का स्पष्ट जवाब अब तक सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है।

विवाद की अंदरूनी चर्चाएं सार्वजनिक होने और गुरु भक्तों तथा समाजजनों का विरोध मुखर होने के बाद ट्रस्ट से जुड़े प्रमुख सदस्य रमेश भंडारी की ओर से आश्वासन देकर स्थिति शांत करने के प्रयास किए जाने की बात भी सामने आ रही है। लेकिन समाज का एक वर्ग अब केवल मौखिक आश्वासनों से संतुष्ट होने को तैयार नहीं है। उसकी मांग है कि प्रस्तावों, इस्तीफों और भविष्य की कार्ययोजना को सार्वजनिक किया जाए। दरअसल, सवाल 25 करोड़ रुपये के निवेश का विरोध करने या किसी दानदाता की उदारता पर संदेह करने का नहीं है। सवाल यह है कि क्या किसी एक दानदाता के आर्थिक सहयोग के बदले संस्थान के प्रबंधन और निर्णय प्रक्रिया पर विशेष अधिकार दिए जाने चाहिए? क्या समाज के सामूहिक सहयोग से खड़े हुए संस्थान का भविष्य कुछ व्यक्तियों के बीच तय होना उचित है?

जैन दिवाकर विद्या निकेतन किसी व्यक्ति या उद्योगपति की निजी परियोजना नहीं, बल्कि गुरु प्रेरणा, समाज के विश्वास और दानदाताओं की आस्था की धरोहर है। आज इस भूमि की कीमत 200 करोड़ से अधिक हो गई। इसे में 25 करोड़ में इसका किसी के निज प्रबंधन में इसका संचालन अधिकार देना अनुचित होगा। यदि इसका विकास करना है तो समाज को विश्वास में लेकर, पारदर्शी प्रक्रिया और स्पष्ट शर्तों के साथ ही आगे बढ़ना चाहिए। अन्यथा आज उठ रहे सवाल कल समाज के भीतर गहरे अविश्वास का कारण बन सकते हैं।

अब समाज की निगाहें वर्तमान नेतृत्व पर हैं कि वह आरोपों और आशंकाओं का जवाब दस्तावेजों के साथ देगा या फिर संस्थान के भविष्य को लेकर उठती आवाजों को केवल आश्वासनों से शांत करने की कोशिश जारी रहेगी।

अब स्कीम 140 रोड वाली आदर्श सड़क की भी अनदेखी

लाखों खर्चकर जिस सड़क को संवारा वहां नहीं दे रहे जिम्मेदार ध्यान वैष्णोधाम मंदिर के सामने फुटपाथ पर खड़ी हो रही बसें और कारें

इंदौर। विधानसभा पांच की स्कीम 140 रोड़ वाली दूसरी आदर्श सड़क की भी अनदेखी हो रही है। जहां पिछले साल लाखों रुपए खर्चकर विधायक महेंद्र हार्डिया और क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन के प्रयासों से निगम ने पिपलियाहाना तालाब और आसपास की मुख्य सड़क के साथ फुटपाथ संवारकर लाखों रुपए खर्चकर शहर की पहली पलासिया क्षेत्र की आदर्श सड़क के जैसी साज सजावट और संवारने का काम किया था। अब उसी पिपलियाहाना क्षेत्र की स्कीम 140 मेनरोड वाली आदर्श सड़क की अनदेखी होने लगी है। हालत यह है कि वैष्णों धाम मंदिर के सामने और अन्य जगह फुटपाथ पर निजी ट्रैवल्स की बसें और कारों की पार्किंग कर अवैध पार्किंग अड्डा बना रखा है। जिसके कारण शाम के समय यहां अक्सर जाम जैसे हालात बन रहे है। उसके बावजूद कोई भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा है।



विधानसभा पांच के पलासिया क्षेत्र में बनी थी पहली आदर्श रोड- गौरतलब है कि करीब 8-9 साल पहले विधानसभा पांच के पलासिया क्षेत्र में विधायक महेंद्र हार्डिया, तत्कालीन पार्षद दिलीप शर्मा के प्रयासों से निगम द्वारा लाखों रुपए खर्चकर शहर की पहली आदर्श सड़क बनाई गई थी। जिस पर आकर्षक लाइटिंग के साथ आकर्षक साज-सजावट और सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए थे। यही नहीं इस साफ-सुथरी आदर्श सड़क पर लोगों ने जनप्रतिनिधियों के आह्वान पर टिफिन पार्टी भी की थी। जिसकी वर्तमान में हालत बेहद खराब है। लाखों खर्च के बाद भी अनदेखी का शिकार उक्त आदर्श सड़क की स्थिति बेहद चिंताजनक और खराब है। वहीं जबकि उसके बाद निगम ने पिपलियाहाना क्षेत्र में भी स्कीम 140 रोड़ को आदर्श बनाने के लिए विधायक और पार्षद के साथ क्षेत्र की जनता की मांग पर आकर्षक सैल्फी प्वाइंट, फुटपाथ पर डिजाइनर बेचें लगाने और चार्जिंग स्टेशन की सुविधा, माय बाईक सायकिल स्टैंड और तालाब के पास फुटपाथ पर ग्रीनरी के लिए पेड़-पौधों के आकर्षक गमले भी रखवाए गए थे। लेकिन अब हालत यह है कि स्कीम 140 वाले लगभग 2 किलोमीटर लंबे रोड पर फुटपाथ पर पार्किंग ना हो उसके लिए भी व्यवस्था की गई थी। जहां जिम्मेदारों के ध्यान नहीं देने से बसों और कारों की पार्किंग शुरू हो गई है। जिसको लेकर लोग शिकायत कर रहे है। रहवासियों का कहना है कि इस आदर्श सड़क की भी पलासिया सड़क जैसी हालत न हो जाए इसलिए अधिकारी ध्यान दे और पार्किंग करने वालों पर कार्यवाही हो।

प्राथमिक विद्यालय की जर्जर इमारत को नवीनीकरण का इंतजार

लंबे समय से अटका नई बिल्डिंग निर्माण कार्य

इंदौर। विधानसभा तीन के अंतर्गत रावजी बाजार थाना क्षेत्र में स्थित प्रकाश का बगीचा प्राथमिक हिंदी विद्यालय भवन की सालों से जर्जर इमारत को अब नवीनीकरण का इंतजार है। लंबे समय से टेंडर प्रक्रिया के बावजूद हालत यह है कि अभी तक उक्त इमारत के नवीनीकरण और नवनिर्माण का कार्य शुरू ही नहीं हो पाया। जबकि इसको लेकर पिछले 5 साल से भी ज्यादा समय से लगातार प्रयास चल रहे हैं। वही अभी हालत यह है कि चारों ओर बाउंड्री वॉल करने के अलावा कोई काम नहीं हो पाया।

जहां बनना थी नई इमारत वहां लगे मिट्टी के ढेर, उग रही घास

यही नहीं जहां नई इमारत बनाई जाना थी वहां मिट्टी के ढेर लगे है, और जगह-जगह गाजर घास उग रही है जिसको लेकर भी अब सवाल उठ रहे हैं। एक तरफ सरकार चाहती है कि कोई भी गरीब निर्धन परिवार के बच्चे शिक्षा से वंचित न रहे साथ ही सरकारी स्कूल में बच्चों को बिना किसी परेशानी के आधुनिक शिक्षा कम खर्च में निजी संकुल की तरह मिलें। जबकि यहां लंबे समय से जर्जर हालत वाली तीन से चार कमरों में सालों से स्कूल लग रहा है उसके बावजूद जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे है।

शिफ्टिंग के लिए नहीं मिल रही जगह, अटका निर्माण

प्रकाश का बगीचा प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन के नवनिर्माण का कार्य वर्तमान स्कूल भवन को अन्य जगह शिफ्टिंग करने के लिए पर्याप्त जगह और उचित स्थान नहीं मिलने के कारण लंबे समय से अटका पड़ा है।यहां बनने वाले नवीन सरकारी स्कूल भवन का निर्माण कार्य पिछले चार से पांच साल से अटका पड़ा है। जिसके कारण छात्रों को मजबूरी में लंबे समय से जर्जर भवन में बैठकर पढ़ना पड़ रहा है। जबकि यहां नई स्कूल इमारत बनाने के लिए निगम के शाला प्रकोष्ठ द्वारा तीन -चार साल पहले ही बजट मंजूर कर दिया था, लेकिन पुराने स्कूल भवन को अपनी जगह स्थानांतरित नहीं कर पाने के कारण अब तक निर्माण कार्य ढंग से शुरू नहीं हो पाया, जिसके कारण सालों से अधूरा पड़ा है।

शहीदों की याद में बगीचे का निर्माण शुरू

इंदौर। विधानसभा तीन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 63 में स्थित सर्वोदय नगर क्षेत्र में पार्षद कार्यालय के पीछे बने बड़े बगीचे में बेलेश्वर मंदिर हादसें के शिकार शहीदों की याद में एक नए आकर्षक बगीचे का निर्माण कार्य का श्रीगणेश हो गया है। वहीं आने वाले नए साल में रहवासियों की मांग पर बगीचे में आकर्षक योगा शेड का नव निर्माण कर रहवासी परिवारों को सौगात दी जाएगी। जिसको लेकर क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला और पार्षद मृदुल



अग्रवाल द्वारा लगातार प्रयास कर निगम से उक्त लंबे - चौड़े बगीचे में रहवासियों के लिए योगा शेड का निर्माण करवाने की तैयारी भी शुरू कर दी है।

मुख्य द्वार पर नया इंट्री गेट भी हो रहा तैयार- इसके अलावा वर्तमान में सबसे पहले बगीचे के मुख्य प्रवेश द्वार का भी नव निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रवेश द्वार के लेफ्ट साइड पार्षद कार्यालय के पीछे पुराने कुएं वाली जगह पर बेलेश्वर मंदिर हादसें में शहीदों की याद में उनके परिजनों की मांग और सहयोग से पौधें लगाकर आकर्षक छोटा बगीचा बनाने के लिए काम शुरू करवा दिया है। जिसकी सौगात लोगों को आने वाले दिनों में मिलेगी। साथ ही नए साल से पहले यहां जल्द योगा शेड का निर्माण कार्य भी शुरू होगा। जिसका फ़ायदा लोगों को योग करने और सेहत बनाने में मिलेगा। इसके अलावा इस लंबे - चौड़े बगीचे में क्षेत्र के रहवासियों के लिए आधुनिक जिम के उपकरण भी लगाए गए हैं। जिसका फायदा सुबह शाम घूमने वाले लोगों को मिल रहा है।

संपादकीय

चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या 29% बढ़ी, मौतों में 63% का इजाफा

तीर्थयात्रा आस्था का विषय है, लेकिन श्रद्धालुओं का जीवन सुरक्षित रखना शासन का दायित्व। मौत के आंकड़े महज संख्या नहीं, उन परिवारों की उजड़ी दुनिया है, जो अपनों को दर्शन के लिए भेजकर उनकी वापसी की प्रतीक्षा करते रहे। उत्तराखंड की चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को सरकार पर्यटन और धार्मिक आस्था की सफलता के रूप में प्रस्तुत कर सकती है, मगर इस उत्साह के पीछे मौतों का बढ़ता आंकड़ा व्यवस्था की असफलता का आईना है। इस वर्ष चारधाम और हेमकुंड साहिब पहुंचे श्रद्धालुओं की संख्या 29 फीसद बढ़कर 65.65 लाख से अधिक हो गई, वहीं मौतों में 63 फीसद का इजाफा हुआ। इस दौरान कुल 297 श्रद्धालुओं की जान गई। आखिर यह कैसी व्यवस्था है, जिसमें यात्रियों की संख्या तो बढ़ती है, मगर उनकी सुरक्षा की गारंटी कमजोर पड़ती जाती है? पहाड़ों की कठिन भौगोलिक परिस्थितियां, कम तापमान, ऊंचाई, ऑक्सीजन की कमी और शारीरिक थकान यात्रियों के लिए जोखिम पैदा करते हैं। इसकी जानकारी सरकार और प्रशासन को पहले से होती है। फिर भी स्वास्थ्य जांच, मार्गों पर पर्याप्त चिकित्सा केंद्र, प्रशिक्षित कर्मियों, एंबुलेंस, ऑक्सीजन और आपातकालीन उपचार की व्यवस्था क्यों नहीं होती? जब केदारनाथ और बदरीनाथ में स्वास्थ्य कारणों से 229 श्रद्धालुओं की मौत हुई, तो यह समूची व्यवस्था की समीक्षा का विषय होना चाहिए। खास बात यह है कि श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ वाहनों की आवाजाही में भी तीस फीसद से अधिक की वृद्धि हुई है। पहाड़ी सड़कों पर यातायात का दबाव, जाम, दुर्घटनाओं की आशंका और आपातकालीन वाहनों की आवाजाही बाधित होना स्वाभाविक है। मगर क्या सरकार ने यात्रियों की संख्या और वाहनों की क्षमता के बीच संतुलन बनाने के लिए कोई प्रभावी योजना तैयार की? केवल पंजीकरण, निर्देश और घोषणाएं पर्याप्त नहीं हैं। क्षमता से अधिक यात्रियों को अनुमति देना भी जोखिम को आमंत्रित करना है। तीर्थयात्रा आस्था का विषय है, लेकिन श्रद्धालुओं का जीवन सुरक्षित रखना शासन का दायित्व। मौत के आंकड़े महज संख्या नहीं, उन परिवारों की उजड़ी दुनिया है, जो अपनों को दर्शन के लिए भेजकर उनकी वापसी की प्रतीक्षा करते रहे। सरकार को इन मौतों की समीक्षा, जिम्मेदारी तय करने और चिकित्सा, यातायात तथा आपातकालीन सेवाओं की कमियों को दूर करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनानी चाहिए। आस्था के मार्ग पर श्रद्धालुओं को व्यवस्था की लापरवाही का शिकार नहीं होने दिया जा सकता।



कार पर नहीं थी नंबर प्लेट, लगा रखी थी इमरजेंसी लाइट



3,500 का जुर्माना लगाया, यातायात पुलिस ने लाइट हटाई

इंदौर। यातायात पुलिस ने तेजाजी नगर चौराहे पर बिना नंबर प्लेट और अनधिकृत इमरजेंसी लाइट लगी एक थार एसयूवी कार को रोककर चालानी कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके पर ही वाहन से इमरजेंसी लाइट हटवाते हुए चालक पर 3,500 रुपए का जुर्माना लगाया।

यातायात पुलिस के अनुसार, चेकिंग के दौरान टीम ने तेजाजी नगर चौराहे पर एक थार वाहन को रुकवाकर उसकी जांच की। पड़ताल में सामने आया कि वाहन पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी और उसमें नियमों के विरुद्ध अनधिकृत रूप से इमरजेंसी लाइट लगाई गई थी। पुलिस टीम ने वाहन चालक को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए मौके पर ही अनधिकृत इमरजेंसी लाइट को हटवाया। इसके बाद बिना नंबर प्लेट और अवैध लाइट के इस्तेमाल पर वैधानिक कार्रवाई करते हुए कुल 3,500 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

फार्म हाउस में बर्थडे पार्टी विवाद में महिला से मारपीट

इंदौर। बेटमा थाना क्षेत्र में बर्थडे पार्टी के दौरान हुए विवाद के बाद एक महिला के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बेटमा पुलिस के अनुसार, यह घटना कालासुरा पहाड़ी के ऊपर बने फार्म हाउस में हुई और इसकी रिपोर्ट फरियादी खुशबू चौधरी, निवासी सिंगापुर नेक्स्ट लसूड़िया ने दर्ज कराई है। फरियादी खुशबू ने पुलिस को बताया कि बर्थडे पार्टी मनाने के दौरान आरोपी विहान भाटी निवासी निरंजनपुर, इंदौर ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। खुशबू के मुताबिक, विरोध करने पर आरोपी विहान भाटी ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। बेटमा थाना पुलिस ने फरियादी खुशबू चौधरी की शिकायत पर आरोपी विहान भाटी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

शिकायत के बाद युवक पर प्रकरण दर्ज









वाहन चलाते मोबाइल के इस्तेमाल पर यातायात पुलिस की सख्ती

15 दिन में 1,018 चालकों पर कार्रवाई

इंदौर। शहर में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक पखवाड़े में मोबाइल पर बात करते या स्क्रीन देखते हुए वाहन चलाने वाले 1,018 लापरवाह चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की है।

यातायात पुलिस के अनुसार, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने, मैसेज भेजने अथवा स्क्रीन पर ध्यान देने से चालक का ध्यान सड़क से भटक जाता है, जिससे सड़क दुर्घटना का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसी लापरवाही से स्वयं चालक के साथ-साथ सड़क पर चलने वाले अन्य राहगीरों और वाहन चालकों की जान भी खतरे में पड़ सकती है। पुलिस द्वारा जहां एक ओर जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को मोबाइल के इस्तेमाल के दुष्परिणामों के प्रति सचेत किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी जारी है। इसी कड़ी में 1 नवंबर से 15 नवंबर तक चले अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने कुल 1,018 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी है।

युवक की मौत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मांगलिया क्षेत्र में एक युवक की करंट लगने से मौत का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार मनीष पिता रमेश 35 की करंट लगने से मौत हो गई। साथी उसे अचेत अवस्था में लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्षेत्रीय पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी।

इनोवा और एम्बुलेंस में टक्कर

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पलासिया चौराहा पर बीती रात एक इनोवा कार और एम्बुलेंस के बीच टक्कर का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि घटना रात 1 बजे हुई। टक्कर के कारण कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।



ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

1.20 लाख की खेप बरामद, पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया

इंदौर। हीरानगर थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 12.52 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसके आपराधिक रिकॉर्ड व तस्करी के नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।

हीरानगर पुलिस के अनुसार, टीम क्षेत्र में भ्रमण और संदिग्धों की चेकिंग करते हुए शक्करखेड़ी भानगढ़ क्षेत्र में पहुंची। वहां दूर से एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस बल राहगीरों को साथ लेकर उसके पास पहुंचा, तो वह पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास करने लगा। टीम ने घेराबंदी कर उसे अभिरक्षा में लिया और तलाशी ली, जिसमें उसके पास से 12.52 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद हुई।



पुलिस ने आरोपी रवि पिता कमलेश मिश्रा, निवासी अवंतिका नगर को गिरफ्तार कर थाने पहुंचाया और उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस जांच में आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है, जिसके तहत उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में 4 प्रकरण पूर्व से दर्ज पाए गए। हीरानगर पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी रवि मिश्रा से यह पूछताछ कर रही है कि वह ब्राउन शुगर की यह खेप कहां से लेकर आया था और शहर में किसे सप्लाई करने वाला था।

एमडी ड्रग्स तस्करी मामले में बैकवर्ड लिंक से राजस्थान का सप्लायर गिरफ्तार, अब तक 4 आरोपी गिरफ्त में

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग्स तस्करी मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पूर्व में दर्ज अपराध में बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए राजस्थान से एक और सप्लायर को गिरफ्तार किया है। इस अंतरराज्यीय ड्रग्स नेटवर्क में अब तक कुल 4 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, 13 नवंबर को रेलवे माल गोदाम पोलो ग्राउंड के पास से आरोपी तोफीक खान निवासी सेंट्रल कोतवाली को 13.08 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। प्रकरण की विवेचना और बैकवर्ड ट्रेसिंग के दौरान राजस्थान के झालरापाटन से दो सप्लायरों उमर अली और शोएब उर्फ भूरा दोनों निवासी जिला झालावाड़, राजस्थान को पकड़ा गया था। पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर सप्लाई चेन में राजस्थान के जिला झालावाड़ निवासी नवीन नागर की संलिप्तता सामने आई। पुलिस के मुताबिक, नवीन 12वीं तक शिक्षित है और स्वयं की कपड़े की दुकान चलाता है। क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी नवीन नागर को पकड़ लिया और उसे धारा 8/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। क्राइम ब्रांच पुलिस आरोपी नवीन नागर से अवैध मादक पदार्थों के मूल स्रोत, इस अंतरराज्यीय नेटवर्क के मुख्य आकाओं और गिरोह से जुड़े अन्य साथियों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।



सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
127000	122600
सिल्वर कैश	एमसीएक्स
153000	148900

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

159 ग्राम एमडी ड्रग्स व डोडाचूरा तस्करी मामले में 10 हजार का इनामी आरोपी धराया, रतलाम से जुड़ा नेटवर्क

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। क्राइम ब्रांच ने 159 ग्राम एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा तस्करी मामले में 10 हजार रुपए के इनामी फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहा था और पूर्व में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ व बैकवर्ड ट्रेसिंग के आधार पर उसकी संलिप्तता सामने आई थी।



गत 2 मई को पत्थर गोदाम रोड स्थित सार्वजनिक शौचालय के पास रतलाम जिले के पिपलौदा तहसील निवासी नावेद खान और मुमताज को 159 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स, 990 ग्राम डोडाचूरा और एक हीरो स्प्लेंडर बाइक कुल मशरूका करीब 16,20,000 रुपए के साथ गिरफ्तार किया गया था। विवेचना के दौरान पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और बैकवर्ड ट्रेसिंग में रतलाम जिले के पिपलौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुखेड़ा निवासी सह-आरोपी भय्यू उर्फ शमशेर खान का नाम सामने आया। पुलिस के मुताबिक, शमशेर 5वीं कक्षा तक पढ़ा है और ट्रक ड्राइविंग का काम करता है। घटना के बाद से वह छिपकर फरार था, जिस पर 10,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से क्राइम ब्रांच टीम ने इनामी फरार आरोपी भय्यू उर्फ शमशेर खान को घेराबंदी कर पकड़ लिया और प्रकरण में धारा 8/29 एनडीपीएस एक्ट का इजाफा कर गिरफ्तार किया। पुलिस अब आरोपी से मादक पदार्थों की मूल सप्लाई चेन, अन्य खरीदारों और गिरोह से जुड़े साथियों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

मीटर में हेरफेर कर बिजली चोरी करवाने वाले धराए

पैसा लेकर मीटर में करते थे छेड़खानी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बड़गोंदा थाना क्षेत्र के ग्राम जामली में लोगों से पैसे लेकर विद्युत मीटर बायपास और टेम्पर करने के जरिए बिजली चोरी करवाने वाले आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आरोपी की इस करतूत से विद्युत विभाग को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा था। विद्युत वितरण केंद्र के अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। बड़गोंदा पुलिस के अनुसार, यह मामला शिकायतकर्ता सहायक यंत्री सुरेश कुमार पिता केसरसिंह रघुवंशी, विद्युत वितरण केंद्र, ग्राम गवली पलासिया की रिपोर्ट पर दर्ज किया गया है।

शिकायत में बताया गया कि आरोपी किशोर पिता जगदीश पाटीदार, निवासी ग्राम गुलावड, जिला खरगोन, हाल मुकाम सिलिकॉन सिटी इंदौर विद्युत मीटरों में छेड़छाड़ व टेम्परिंग कर उन्हें बायपास करने का काम करता था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी किशोर पाटीदार लोगों से पैसे लेकर मीटर बायपास कर बिजली चोरी करवाता था, जिससे विद्युत विभाग को राजस्व की हानि हो रही थी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी किशोर पाटीदार को हिरासत में ले लिया है। बड़गोंदा थाना पुलिस आरोपी से यह पूछताछ कर रही है कि उसने किन-किन स्थानों पर मीटर टेम्पर किए और इस अवैध काम में उसके साथ और कौन-कौन जुड़ा है।

बैंक खाते से 80 हजार उड़ाए, मोबाइल हैक कर की वारदात

इंदौर। सांवेर थाना क्षेत्र में साइबर जालसाजों ने एक व्यक्ति का मोबाइल फोन हैक कर उसके बैंक खाते से 80,770 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सांवेर पुलिस के अनुसार, यह घटना श्रीकृष्णा एन्क्लेव कॉलोनी क्षेत्र में हुई और इसकी रिपोर्ट फरियादी श्याम सुंदर पिता कालूराम कुमावत, निवासी: श्रीकृष्णा एन्क्लेव कॉलोनी ने दर्ज कराई है। फरियादी श्याम सुंदर ने पुलिस को बताया कि किसी अज्ञात आरोपी ने उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया और उसके जरिए उनके पंजाब नेशनल बैंक के खाते से कुल 80,770 रुपए निकाल लिए। सांवेर थाना पुलिस ने फरियादी श्याम सुंदर कुमावत की रिपोर्ट पर अज्ञात साइबर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह पता लगाने में जुटी है कि मोबाइल किस माध्यम से हैक किया गया और ठगी गई राशि किन खातों में ट्रांसफर की गई।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी चोरों की दस्तक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। देहात क्षेत्र बड़गोंदा और महू में चोरी की घटनाएं सामने आई है। बड़गोंदा थाना इलाके के ग्राम नेचरवेली में फरियादी रंजीत वर्मा पिता रामनारायण वर्मा के घर का ताला तोड़कर कोई अज्ञात बदमाश घर में घुसे और अलमारी से सोने चांदी के जेवर व 50 हजार रुपये नगदी चुराकर ले गए। महू के गिरनार सिटी निवासी दिनेश सोलंकी के सूने मकान पर धावा बोलते हुए चोर जेवरात नगदी सहित 1 लाख 80 हजार का माल ले उड़े।

हातोद नगर परिषद में शिविर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आज हातोद नगर परिषद में जिला स्तरीय शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में नागरिक अपनी समस्याएं और शिकायतें सीधे रख सकेंगे। शिविर में आने वाली हर समस्या और शिकायत को सुना जाएगा। इसके बाद संबंधित विभागों के अधिकारी उनके निराकरण की कार्रवाई करेंगे।

मोबाइल दुकान में भीषण आग, 9 लाख के मोबाइल और फर्नीचर जलकर राख

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गांधी नगर क्षेत्र स्थित एक मोबाइल दुकान में आज सुबह अचानक भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में दुकान में रखे करीब 9 लाख रुपए मूल्य के मोबाइल फोन, फर्नीचर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के अनुसार, आज सुबह 4 बजकर 21 मिनट पर गांधी नगर स्थित मोबाइल दुकान में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। दुकान राहुल पिता गोपाल नामदेव की बताई जा रही है। दुकान से धुआं और लपटें उठती देख स्थानीय लोगों ने फायर टीम को सूचित किया।?सूचना मिलते ही दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और सुबह 5 बजकर 45 मिनट पर दमकल टीम वापस लौटी। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, आग की चपेट में आने से दुकान के भीतर मौजूद करीब 9 लाख रुपए के नए-पुराने मोबाइल, कीमती फर्नीचर व अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई। आग लगने के प्राथमिक कारणों की जांच की जा रही है।

शतक से चूके यशस्वी राहुल ने जड़ा अर्धशतक

वेलिंगटन। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आज दूसरा दिन है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। न्यूजीलैंड की पहली पारी 368 रन पर समाप्त हुई। फिलहाल भारत की पहली पारी जारी है।

भारत को 28वें ओवर में 130 के स्कोर पर पहला झटका लगा। मैट हेनरी ने यशस्वी जायसवाल को विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के हाथों कैच कराया। यशस्वी शतक से चूक गए। उन्होंने 89 गेंद में 16 चौके की मदद से 85 रन की तूफानी पारी खेली। फिलहाल केएल राहुल 42 रन बनाकर क्रीज पर हैं। उनका साथ देने देवदत्त पडिक्कल आए हैं।



तेजी से बनाया यशस्वी ने अर्धशतक

भारत ने 23 ओवर के बाद बिना विकेट गंवाए 97 रन बना लिए थे । यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट करियर का 14वां अर्धशतक लगाया। उन्होंने 66 गेंद में चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया। यशस्वी के आउट होने के बाद केएल राहुल ने 99 गेंद में टेस्ट करियर का 22वां अर्धशतक लगाया। भारत ने एक विकेट गंवाकर 143 से ज्यादा रन बना लिए थे । राहुल के साथ देवदत्त पडिक्कल

जय गिरनारी की आकर्षक जीत

इंदौर। आईडीसीए द्वारा आयोजित मोयरा सरिया अंडर-18 एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत जय गिरनारी एवं एनवीएसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें जय गिरनारी ने पहले खेलते हुए 36 ओवरो में सभी विकेट खोकर 167 रन बनाये। देवेश, अर्नव व अंश ने 2-2 विकेट लिये। जवाब में एनवीएसीए ने 24 ओवरो में 90 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिये । इस तरह जय गिरनारी क्लब ने यह मैच 77 रनों से आकर्षक अंदाज में जीत लिया । अनुग्रह काले ने 4 विकेट लिये। इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच मास्टर ब्लास्टर एवं श्रीराम स्पोटस के मध्य खेला गया सिजमें मास्टर ब्लास्टर ने पहले खेलते हुए 49 ओवरो में सभी विकेट खोकर 255 रन बनाये।



ठाकुरजी की बारात में श्रद्धालुओं ने किया नृत्य

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। हंसदास मठ पंचमुखी हनुमान मंदिर से आज छोटी ग्यारस पर मांगलिक कार्यक्रम के अन्तर्गत ठाकुरजी की बारात बैंडबाजों के साथ निकाली गई। श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के सामने नृत्य भी किया। यह यात्रा दलालबाग पहुंची।

देव्ज क्रिकेट एकेडमी की शानदार जीत

इंदौर। एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एवं आईडीसीए द्वारा आयोजित एमपीसीए अंडर-15 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत देव्ज एकेडमी एवं एमवायसीसी के मध्य मैच खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 90 ओवरो में 9 विकेट खोकर 377 रन बनाये। पवित्र पाटील ने शानदार 157 रन, सोमांश शर्मा ने 60 रन, अर्जुन मेहर ने 59 रन एवं पियुष मुकाती ने 54 रन बनाये।

60 वर्ष के बाद श्रमिकों को 3 हजार रुपये मासिक पेंशन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना से जुड़ने वाले असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 3 हजार रुपये प्रतिमाह सुनिश्चित पेंशन मिलेगी। प्रवेश आयु के अनुसार श्रमिक को 55 से 200 रुपये तक मासिक अंशदान देना होगा। श्रमिक जितना अंशदान देगा, उतनी ही राशि केंद्र सरकार भी जमा करेगी। 18 से 40 वर्ष आयु और 15 हजार रुपये तक मासिक आय वाले ऐसे श्रमिक पात्र हैं, जो आयकरदाता नहीं हैं तथा ईपीएफओ, ईएसआईसी या राष्ट्रीय पेंशन योजना के सदस्य नहीं हैं। फेरी लगाने वाले, संबल कार्डधारी, घरेलू कामगार, निर्माण श्रमिक, रिक्शा चालक और कृषि श्रमिक सहित अन्य असंगठित श्रमिक इससे जुड़ सकते हैं। आधार कार्ड, बैंक बचत या जनधन खाते की जानकारी और मोबाइल नंबर के साथ निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर पर पंजीयन कराया जा सकता है। पात्र श्रमिक पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन भी कर सकते हैं।

'कॉल कारीगर' ऐप से घर बैठे बुक होंगे सत्यापित कामगार

श्रम विभाग की पहल, इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, बढ़ई और पेंटर की ऑनलाइन बुकिंग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नागरिक अब इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, बढ़ई और पेंटर सहित कई व्यवसायों के कुशल कामगारों की सेवाएं घर बैठे ऑनलाइन बुक कर सकेंगे। मध्यप्रदेश शासन के श्रम विभाग ने इसके लिए 'कॉल कारीगर' मोबाइल ऐप विकसित किया है, जिस पर मोबाइल ओटीपी से पंजीयन होगा। कामगार ऐप पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, कौशल प्रमाण-पत्र और पुलिस सत्यापन के दस्तावेज अपलोड करेंगे, जिससे नागरिकों को सत्यापित कामगार चुनने में आसानी होगी। एकीकृत भुगतान गेटवे से सुरक्षित डिजिटल भुगतान और सेवा के बाद रेटिंग एवं फीडबैक देने की सुविधा भी रहेगी। कामगार अपनी बुकिंग, कार्य आवंटन और अर्जित आय का विवरण देख सकेंगे। प्रशासनिक डैशबोर्ड से बुकिंग, भुगतान, शिकायतों और कामगारों की गतिविधियों की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी।



एक ही साल में तीनों फॉर्मेट में शतक

भारत के खिलाफ ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बने ग्लेन फिलिप्स

वेलिंगटन । न्यूजीलैंड के विस्फोटक बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स ने भारतीय टीम के खिलाफ ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वह एक ही कैलेंडर वर्ष में भारत के खिलाफ (टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल) तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर न्यूजीलैंड क्रिकेट ने भी सोशल मीडिया पर खास पोस्ट शेयर कर तारीफ की है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अपने आधिकारिक अकाउंट से लिखा, 'एक ही कैलेंडर वर्ष में भारत के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी। ग्लेन फिलिप्स वाकई कमाल के क्रिकेटर हैं।'

कब किस फॉर्मेट में लगाया शतक

वनडे: *18 जनवरी 2026 को इंदौर में खेले गए मुकाबले में फिलिप्स ने 88 गेंदों पर 106 रन की शानदार पारी खेली थी। उनकी पारी में 9 चौके और 3 छक्के शामिल थे।*

टी20: *30 अक्टूबर 2026 को ऑकलैंड में खेले गए चौथे टी20 मुकाबले में उन्होंने सिर्फ 49 गेंदों पर 107 रन ठोक दिए। इस पारी में 6 चौके और 10 छक्के शामिल थे।*

टेस्ट: *20 नवंबर 2026 को वेलिंगटन में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में फिलिप्स ने 193 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। वह 216 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 118 रन बनाकर आउट हुए।*

शेन वॉटसन और शाई होप को भी छोड़ा पीछे- दिलचस्प बात यह है कि शेन वॉटसन और शाई होप भी भारत के खिलाफ टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल में शतक लगा चुके हैं। लेकिन इन दोनों बल्लेबाजों ने यह उपलब्धि अलग-अलग कैलेंडर वर्षों में हासिल की थी। फिलिप्स ने तीनों फॉर्मेट के शतकों को एक ही साल में पूरा करके उनसे अलग रिकॉर्ड बनाया है। यही वजह है कि उनकी इस उपलब्धि को खास माना जा रहा है।

216 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को मुश्किल से निकाला- ग्लेन फिलिप्स जब बल्लेबाजी के लिए क्रीज पर आए थे, तब न्यूजीलैंड का स्कोर 70/5 था। ऐसा लग रहा था कि भारतीय टीम 150 रन के अंदर पूरी टीम को ऑल आउट कर देगी। हालांकि, फिलिप्स ने निकोल्स के साथ मिलकर पहले दिन आगे कोई विकेट नहीं गिरने दिया। दूसरे दिन भी वह शतक लगाने के बाद आकाशदीप की गेंद पर बोल्ड हुए। यह गेंद भी कमाल की थी और दुनिया का कोई भी बल्लेबाज इस पर बोल्ड हो सकता था।

आज्ञा ने जीता स्वर्ण पदक



इंदौर । ताइक्वांडो में श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स की खिलाड़ी का शानदार प्रदर्शन किया । छात्रा आज्ञा सोलंकी ने - 46 के.जी. वर्ग संभाग स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता सत्र 2026-27 राजा भोज स्नातकोत्तर महाविद्यालय धार द्वारा आयोजित की गई थी । इस प्रतियोगिता में अलग- अलग वेट ग्रुप लगभग 50 खिलाड़ियों ने सहभागिता की । इस अवसर पर प्रबंधक वर्ग के चेयरमैन अरविंद गुप्ता एवं सचिव महेश चिमनानी द्वारा इस शानदार सफलता पर बधाई व उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी, प्रो. विभोर ऐरन एवं खेल अधिकारी डॉ. वी.एस. राणा ने भी छात्रा को हार्दिक बधाई दी।

इंदौर की कबड्डी टीम विजयी



इंदौर। मध्यप्रदेश स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप में इंदौर की महिला ए टीम द्वारा लगातार छठवीं बार विजयश्री प्राप्त करना पूरे इंदौर शहर के लिए अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर टीम की कोच उज्ज्वला गढ़वंशी एवं मैनेजर मोहित सामरिया सहित पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं । इस गौरवशाली सफलता पर मध्यप्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक जोशी, संरक्षक मोहन चौहान, सचिव जे.सी. शर्मा तथा रमेश सेन, धनंजय शर्मा, प्रकाश गौड़, गोरधन गहरवाल, ब्रजेश बागोरा एवं अनिल गौड़ ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इंदौर की बेटियों ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन, कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण से एक बार फिर शहर का गौरव बढ़ाया है। पूरी टीम को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ।

विजय क्लब की शानदार जीत

इंदौर । एमपीसीए अंडर-22 स्पर्धा के अंतर्गत विजय क्लब एवं राउ क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें विजय क्लब ने पहले खेलते हुए 52 ओवरो में 189 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिये। अंश दलाल ने 55 रन व आकाश दांगी ने 42 रन बनायें। आशुतोष एवं सिद्धार्थ ने 3-3 विकेट लिये। जवाब में राउ क्लब ने अपनी पहली पारी में 46 ओवरो में 127 रन बनाये। आकाश दांगीन ने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट लिये। विजय क्लब ने अपनी दूसरी पारी में 47 ओवरो में सभी विकेट खोकर 152 रन बनाये। आकश दांगी ने 56 रन बनाये। राउ क्लब की टीम अपनी दूसरी पारी में मात्र 92 रनों पर सिमट गई और यह मैच 122 रनों से हार गई ।

बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने बिखेरा जलवा



इंदौर। न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल में आयोजित आमंत्रण बैडमिंटन टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला जारी है। विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने खेल कौशल, मेहनत, लगन और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

अंडर-17 बालक वर्ग एकल प्रतियोगिता में शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल, जलारिया कैंपस के शाश्वत तथा सत्य साईं विद्या विहार के साइरस जैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस वर्ग में सत्य साईं विद्या विहार, चोइथराम स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, राऊ, शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल (झलारिया एवं नॉर्थ कैंपस) तथा एकायना स्कूल के खिलाड़ियों ने भी क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई।

अंडर-19 बालक वर्ग – एकल प्रतियोगिता में न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल के नील जैन और एकायना स्कूल के अर्नव पवार के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। इसमें नील जैन ने शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस वर्ग में सत्य साईं विद्या विहार और न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल और चोइथराम स्कूल के बीच हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एनडीपीएस के सार्थक साबले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और अगले दौर में प्रवेश किया।

अरनव, गणेशी, आन्या, अहान सेमीफाइनल में पहुंचे

इंदौर। मध्य प्रदेश टेनिस संघ के तत्वाधान में इंदौर टेनिस क्लब द्वारा आयोजित तृतीय मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेन्ट में खेले गए क्वाटरफाइनल मुकाबलों में अरनव खण्डेलवाल, गणेशी आन्या, अहान गनात्रा एवं आन्या राठी ने अपने अपने वर्ग के मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

पुरुष एकल के क्वाटरफाइनल में अरनव खंडेलवाल (इंदौर) ने प्रत्यक्ष सोनी (खण्डवा) 6-4, 6-1, मयंक राजन (इंदौर) ने सुविग्या चौधरी (इंदौर) 6-4, 6-1 से, आरूष जैन (इंदौर) ने सुरनवीर रैना (इंदौर) 6-1, 6-2 से, आर्यन गोरले (इंदौर) ने रहस्य बाहरी (इंदौर) 7-6, 4-6, 10-8 हराया ।

महिला एकल के क्वाटरफाइनल में गणेशी आन्या (इंदौर) ने अहाना फलजले (इंदौर) 6-0, 6-1 से, अवनि जाट (इंदौर) ने जुमाना राशिद (महू) 6-0, 6-0 से, ऋषिना त्रिपाठी (इंदौर) ने निकिता यादव (इंदौर) 6-0, 6-0 से, रेवा मलिक (इंदौर) ने मनु कुशवाह (इंदौर) 6-0, 6-0 से हराया। बालक वर्ग-18 वर्ष आयु के क्वाटरफाइनल में अहान गनात्रा (इंदौर) ने जयदेव शर्मा (ग्वालियर) 3-6, 6-3, 11-9 से, अर्थव पालोद (इंदौर) ने यथार्थ यादव (खण्डवा) 6-0, 6-1 से, अरनव खण्डेलवाल (इंदौर) ने विराट ठाकुर (ग्वालियर) 6-1, 6-0 से पराजित किया ।

यशस्वी-राहुल को मिले जीवनदान, न्यूजीलैंड ने बनाए 368 रन



वेलिंगटन। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आज दूसरा दिन है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। न्यूजीलैंड की पहली पारी 368 रन पर समाप्त हुई। फिलहाल भारत की पहली पारी जारी है, समाचार लिखे जाने तक भारत ने 13 ओवर में बिना किसी नुकसान के 38 रन बना लिए थे। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 24 और केएल राहुल 14 रन बनाकर खेल रहे थे ।

दोनों सलामी बल्लेबाजों को मिले जीवनदान- राहुल को अंपायर के गलत फैसले और न्यूजीलैंड के रिव्यू लेने में देरी के कारण जीवनदान मिला । भारतीय पारी के सातवें ओवर (चौथी गेंद पर) में मैट हेनरी की गेंद पर राहुल के खिलाफ जोरदार एल्बीडब्ल्यू अपील हुई थी। गेंद उनके पैड पर लगी थी और दो आवाजें सुनाई दी थीं। हेनरी काफी आश्वस्त थे, लेकिन कप्तान टॉम लाथम ने रिव्यू लेने में आखिरी सेकंड तक इंतजार किया। उन्हें लगा कि एक आवाज बल्ले की है। जब उन्होंने रिव्यू लिया, तब तक समय समाप्त हो चुका था। बाद में बॉल ट्रैकर में दिखा कि गेंद पहले आगे के पैड पर और फिर पीछे के पैड पर लगी थी। इससे न्यूजीलैंड के कप्तान समेत सभी खिलाड़ी डीआरएस को लेकर भ्रम में थे और समय से डीआरएस नहीं ले सके। बॉल ट्रैकर में गेंद स्टंप्स पर लग रही थी और अगर रिव्यू लिया गया होता तो राहुल आउट होते। यानी न्यूजीलैंड के पास रिव्यू लेने का मौका था, लेकिन देरी के कारण राहुल बच गए। तब राहुल पांच रन बना सके थे।

इसके बाद आठवें ओवर में (तीसरी गेंद पर) काइल जेमीसन की गेंद पर यशस्वी जायसवाल को जीवनदान मिला। आठवें ओवर की तीसरी गेंद पर जायसवाल ने चौका लगाने के इरादे से ड्राइव किया, लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर गली में खड़े ग्लेन फिलिप्स के पास पहुंची। फिलिप्स के पास आसान कैच पकड़ने का मौका था, लेकिन गेंद उनकी अंगुलियों से लगकर चार रन के लिए बाउंड्री पार चली गई। जेमीसन इस मौके को गंवाने से काफी निराश दिखे। इससे पहले दूसरे दिन मेजबान टीम की पहली पारी 368 रन पर समाप्त हो गई। न्यूजीलैंड ने पहले दिन पांच विकेट पर 243 रन बनाए थे। दूसरे दिन न्यूजीलैंड ने 125 रन जोड़े और बाकी के पांच विकेट गंवा किए।

सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

अलमारी से डायमंड व सोने-चांदी के जेवर चुराए, सीसीटीवी में दिखे तीन नकाबपोश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



सुदामा नगर में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए अलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपए मूल्य के डायमंड व सोने-चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। वारदात तड़के करीब 4 बजे की बताई जा रही है, जब मकान मालकिन काम से बाहर गई हुई थीं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, जिसमें संदिग्ध नजर आए हैं।

अन्नपूर्णा पुलिस के अनुसार, यह चोरी सुदामा नगर, सेक्टर-ए स्थित मकान नंबर 887 में हुई। मकान आशा जैन का है, जो अकेली रहती हैं और घटना के समय वे कार्यक्रम में बाहर गई हुई थीं। सूने घर का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश भीतर घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे कीमती आभूषण समेट ले गए। पीड़ित पक्ष के मुताबिक, चोरी गए सामान में डायमंड सेट, कान के टॉप्स, सोने के झुमके, कड़े और अन्य सोने-चांदी के आभूषण शामिल हैं। प्राथमिक तौर पर करीब 15 से 18 तोला सोना और डायमंड का सामान चोरी होने की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि फरियादी पक्ष की ओर से बिल व रसीदें पेश होने के बाद सामान की आधिकारिक तस्दीक की जाएगी। घटना की जानकारी मिलने के बाद एफएसएल और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ की टीम को मौके पर बुलाकर महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित कराए गए हैं। मामले में मकान मालकिन की बहन इंदु जैन की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्ध चोरी कर बाहर निकलते हुए दिखाई दिए हैं, जिनकी पहचान और तलाश के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित कर दी गई है। इधर रहवासियों का कहना है कि आहट के बाद पड़ोसियों ने चोरो के ललकार भी दी थी उसी के बाद चोर जितना सामान हाथ आया उतना लेकर भाग खड़े हुए। पड़ोसियों के मुताबिक तीन चोर नकाबपोश नजर आए, जो बाइक से आए थे और ललकार के बाद जो ज्वेलरी हाथ आई उसे लेकर वे भाग निकले।

निर्माणाधीन मकान की छत पर रस्सी का झूला झूलते समय नीचे गिरी मासूम, मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

अस्पताल में उपचार के दौरान बीती रात तोड़ा दम

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान की छत पर रस्सी का झूला झूलते समय असंतुलित होकर नीचे गिरी 10 वर्षीय बच्ची ने इलाज के दौरान बीती रात दम तोड़ दिया। यह हादसा 17 नवंबर को हुआ था, जिसके बाद से बच्ची का अस्पताल में उपचार चल रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार, मृतका योगिता पिता विजेंद्र (10) लिंबोदी क्षेत्र की निवासी थी और उसका परिवार मजदूरी करता है। थाना प्रभारी देवेंद्र मरकाम ने बताया कि 17 नवंबर को योगिता निर्माणाधीन मकान की छत पर बंधे रस्सी के झूले पर झूल रही थी। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे जा गिरी। गंभीर रूप से घायल योगिता को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते हुए बीती रात उसने दम तोड़ दिया। तेजाजी नगर थाना पुलिस ने घटना के संबंध में मर्ग कायम कर लिया है और मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

शादी समारोह में जा रहे युवकों की बाइक को तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, 2 की मौत, तीसरा साथी घायल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। देवास बायपास पर भौंरासा के समीप हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि उनका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों युवक इंदौर के मांगलिया इलाके से बाइक पर सवार होकर सोनकच्छ में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

पुलिस के अनुसार, मृतक सुमित पिता रामसिंह (19) और योगेश (21) बायपास स्थित मांगलिया क्षेत्र के रहने वाले थे। वे दोस्त अमन के साथ बाइक पर सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने के लिए सोनकच्छ जाने के लिए घर से निकले थे। बताया जा रहा है कि बायपास पर भौंरासा के समीप पहुंचने पर किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद घायलों को उपचार के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद सुमित और योगेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीसरे साथी अमन का इलाज अस्पताल में जारी है।

काम से लौट रहे इलेक्ट्रिक ठेकेदार को तेज रफ्तार कार ने कुचला, मौत

बेटा व अन्य कारीगर घायल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में बायपास स्थित सेज यूनिवर्सिटी के पास हुए सड़क हादसे में एक इलेक्ट्रिक ठेकेदार की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा और तीन अन्य युवक घायल हो गए। घायल बेटे की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा उस वक्त हुआ जब काम खत्म कर दो बाइकों से लौट रहे लोग कट लगने से सड़क पर गिर गए और इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने ठेकेदार को चपेट में ले लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार, मृतक राजूलाल पिता रामदुलारे (55) इदरीश नगर, मूसाखेड़ी क्षेत्र के निवासी थे और इलेक्ट्रिक ठेकेदारी व लाइट फिटिंग का काम करते थे। बताया गया कि वे काम निपटाने के बाद दो अलग-अलग बाइकों पर अपने बेटे राज (22) तथा साथी शरद पिता राजकुमार (18), मनीष पिता प्रेमलाल (20) और आजाद सिंह पिता राजेंद्र सिंह (18) के साथ इदरीश नगर, मूसाखेड़ी लौट रहे थे। सभी घायल युवक भी इदरीश नगर मूसाखेड़ी के रहने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक, बायपास के गेट व सेज के पास पहुंचने पर बाइक ने कट मारा, जिससे दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच एक तेज रफ्तार कार ने राजूलाल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उनका बेटा राज और अन्य साथी घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां राज की हालत गंभीर बनी हुई है। तेजाजी नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर टक्कर मारने वाले वाहन व चालक की तलाश में जुटी है।

शराब पीकर चला रहा था बारातियों से भरी बस, बना चालान पुलिस ने जब्त की बस, दूसरी बस बुलाकर रवाना की बारात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर यातायात पुलिस द्वारा चैकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। कल पुलिस ने सुपर कारिडोर चौराहा पर बारातियों को लेकर जा रही बस को रोका और चालक की ब्रिथ एनेलाइजर से चैकिंग की जिसके बाद चालक नशे में पाया गया तो पुलिस ने चालान बनाकर बस जब्त की।



यातायात निरीक्षक सैयद काजिम हुसैन रिजवी ने चैकिंग के दौरान सुपर कारिडोर चौराहा पर बस को रोका। बस इन्दौर से बारातियों को लेकर घाटा बिल्लौद जा रही थी। पुलिस ने चालक की चैकिंग की तो वह नशे में पाया गया जिसके बाद 20 हजार रुपये का चालान बनाया और बस जब्त की गई। नई बस बुलवाकर बारातियों को रवाना किया।

बिना परमिट संचालित दो स्कूल बसों सहित तीन वाहन जब्त

60 से अधिक वाहनों की जांच, छह वाहनों पर 40 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

स्कूली वाहनों एवं लोक परिवहन वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा महू-पीथमपुर क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 60 से अधिक स्कूली वाहनों, उपनगरीय बसों एवं अन्य वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान बिना परमिट संचालित दो स्कूल बसों सहित कुल तीन वाहनों को जब्त किया गया। जांच के दौरान छह वाहनों में विभिन्न अनियमितताएं एवं मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 40 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना अधिरोपित किया गया।



सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ा द्वारा मूंगड़ा पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com